इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

वर्ष- 44 | अंक - 235 | राजनांदगांव, रविवार 13 जुलाई 2025 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए







## अहमदाबाद प्लेन हादसा: AAIB की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट पर सवाल; पायलट की गलती साबित करने की हड़बड़ी, पायलट्स एसो.ऑफ इंडिया का दावा

नई दिल्ली। 12 जून को अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हुए एअर इंडिया के AI 171 पर विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो की प्रारंभिक रिपोर्ट पर एयरलाइन पायलट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एएलपीए-आई) ने कई सवाल उठाते हुए गंभीर आरोप भी लगाए हैं।

एसोसिएशन ने कहा, जांच का लहजा और जांच की दिशा पायलट की गलती की ओर झुकाव का संकेत दे रही है। हम इस धारणा को पूरी तरह से खारिज करते हैं। हम निष्पक्ष और तथ्य-आधारित जांच पर जोर देते हैं।

### एएआईबी की प्रारंभिक रिपोर्ट लीक कैसे हुई?

बयान में आरोप लगाया गया कि एएआईबी की प्रारंभिक रिपोर्ट मीडिया को लीक की गई। एसोसिएशन को इस बात की चिंता है कि प्रारंभिक एएआईबी रिपोर्ट बिना किसी जिम्मेदार अधिकारी के हस्ताक्षर या जानकारी के मीडिया के साथ साझा की गई।



### रिपोर्ट लीक करने का लगाया आरोप

### जांच में पारदर्शिता के अभाव का आरोप

एसोसिएशन ने जांच में पारदर्शिता के अभाव का भी आरोप लगाया। कहा गया कि जांच पूरी तरह से गोपनीय रही। इससे विश्वसनीयता पर असर हुआ और जनता भी इससे पूरी तरह से आश्वस्त नहीं है। इसके अलावा योग्य, अनुभवी कर्मियों विशेष रूप से लाइन पायलटों को अभी भी जांच दल में शामिल नहीं किया जा रहा है।

### विदेशी जर्नल को कैसे पहले ही लगी खबर?

एसोसिएशन ने रिपोर्ट लीक होने के दावे भी किए। बयान में कहा गया कि वॉल स्ट्रीट जर्नल में 10 जुलाई के एक लेख में ईंधन नियंत्रण स्विच में गड़बड़ी का जिक्र था। ऐसे में सवाल उठता है कि इतनी संवेदनशील जांच की जानकारी अंतरराष्ट्रीय मीडिया में कैसे लीक हो गई।

### सर्विसेबिलिटी बुलेटिन का जिक्र

एसोसिएशन ने कहा कि रिपोर्ट में ईंधन नियंत्रण स्विच गेट्स से संबंधित एक सर्विसेबिलिटी बुलेटिन का जिक्र है, जो संभावित उपकरण खराबी का संकेत देता है। जब तक बुलेटिन मौजूद है, एसोसिएशन इस बात पर स्पष्टता चाहता है कि क्या बुलेटिन की सिफारिशों को (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## छोड़ आए लाल गलियारा: 1 करोड़ 18 लाख के 23 इनामी नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

सुकमा। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले से बड़ी खबर सामने आई है। नक्सलवाद से प्रभावित क्षेत्र में पुलिस और सुरक्षा बलों की रणनीति रंग ला रही है। कलेक्टर एलेक्सपाल मेनन के अपहरण में शामिल नक्सली समेत कुल 23 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। सरेंडर करने वाले माओवादियों में आठ हार्डकोर इनामी नक्सली शामिल हैं।



### नौ महिला माओवादी भी शामिल

आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों पर कुल एक करोड़ 18 लाख रुपये का इनाम घोषित था। आत्मसमर्पण करने वालों में नौ महिलाएं और 14 पुरुष नक्सली हैं। ये सभी डीकेएसजेडसी, पीएलजीए और मिलिशिया जैसे सक्रिय संगठनों से जुड़े थे। पुनर्वास नीति और नियाद नैलानार जैसी योजनाओं से प्रभावित होकर सरेंडर किया है। इस कार्रवाई में जिला पुलिस बल, सीआरपीएफ, एसटीएफ और कोबरा बटालियन समेत कई एजेंसियों की बड़ी भूमिका रही। यह सुकमा में शांति और विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### अब तक 427 से ज्यादा नक्सली ढेर

छत्तीसगढ़ में बीजेपी की सरकार आने के बाद अब तक 427 नक्सली मारे गए हैं। पिछले डेढ़ साल में एक हजार 428 नक्सलियों ने सरेंडर किया है। सीएम विष्णुदेव साय ने बताया कि अब तक 205 मुठभेड़ में 427 नक्सली मारे गए हैं। इनमें सवा तीन करोड़ के इनामी नक्सली बसवराजू, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## कुर्सी ढूंढ़ना मुश्किल, मौका मिलते ही बैठ जाओ

### कर्नाटक की राजनीति पर डीके शिवकुमार के बयान से फिर सियासी भूचाल

बेंगलूरू। कर्नाटक की राजनीति में इन दिनों कुर्सी हर किसी की जुबान पर है। जिसे देखो वही इसी पर बात कर रहा है, कोई कह रहा है कि डीके शिवकुमार को सीएम बनना चाहिए तो वहीं कोई सिद्धारमैया को सीएम बने रहते देखना चाहता है। हालांकि खुद शिवकुमार या सिद्धारमैया खुलकर इस मसले पर कुछ नहीं बोल रहे उल्टा सरकार चलाने में वे किसी भी तरह से मतभेद से इनकार करते रहते हैं, लेकिन आज बोलते-बोलते राज्य के डिप्टी सीएम कुर्सी पर कुछ ऐसा बोल गए कि राज्य में



सियासी भूचाल खड़ा हो गया। बैंगलोर बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित नादप्रभु केम्पेगौड़ा जयंती समारोह के उद्घाटन के मौके पर शिवकुमार की सीएम पद को लेकर टीस उभर आई और उन्होंने कहा कि कुर्सी ढूंढना मुश्किल है। जब आपको कुर्सी मिल जाए, तो आपको आकर उस पर ऐसे बैठना होगा कि फिर उठे ही ना। अब उनके इस बयान ने राज्य में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर चल रही अटकलों को और हवा दे दी है। डीके शिवकुमार शुक्रवार को बैंगलोर बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित नादप्रभु केम्पेगौड़ा जयंती समारोह के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। यहां अपने संबोधन के दौरान उन्होंने यह टिप्पणी की। शिवकुमार ने वहां उपस्थित वकीलों को (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## ईडी का गांधी परिवार पर गंभीर आरोप, कोर्ट में कहा- कांग्रेस को दान देने वालों के साथ की धोखाधड़ी

नई दिल्ली। नेशनल हेराल्ड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने राउज एवेन्यू स्थित विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने की अदालत में बड़ा दावा किया कि कांग्रेस पार्टी को दान देने वालों के साथ धोखाधड़ी की गई।

ईडी के अनुसार कांग्रेस को दान देने वालों में से कुछ लोगों को पार्टी टिकट भी दिए गए, जिससे यह साफ होता है कि दानदाताओं के साथ छल हुआ है। ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एसवी राजू ने दलील दी कि गांधी परिवार का



दावा गलत है कि उनका एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) पर कोई नियंत्रण नहीं था। उन्होंने कहा कि एजेएल ही नेशनल हेराल्ड का मूल प्रकाशक है और इसे गांधी परिवार नियंत्रित करता रहा है।

### गांधी परिवार पर संपत्ति हथियाने का आरोप

ईडी ने अदालत में बताया कि यंग इंडियन लिमिटेड सिर्फ एक आवरण कंपनी है, जो गांधी परिवार की कठपुतली है और इसका इस्तेमाल एजेएल की लगभग दो हजार करोड़ रुपये की संपत्तियों को हथियाने के लिए किया गया। ईडी ने दावा किया कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने मात्र 50 लाख रुपये में यह सब हासिल किया, जबकि असली संपत्ति का मूल्य हजारों करोड़ है। ईडी ने इस मामले को क्लासिक मनी लॉन्ड्रिंग (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## कैश कांड: जस्टिस यशवंत को हटाने के महाभियोग पर कई सांसदों के हस्ताक्षर, लोकसभा में आएगा प्रस्ताव

नई दिल्ली। जस्टिस यशवंत वर्मा की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। केंद्र सरकार ने जस्टिस यशवंत वर्मा को हटाने के लिए संसद में महाभियोग प्रस्ताव लाने की तैयारी शुरू कर दी है। लोकसभा सांसदों के हस्ताक्षर लेना शुरू कर दिया है। कई सांसदों ने दस्तखत भी कर दिए हैं। खबर है कि 21 जुलाई से शुरू हो रहे मानसून सत्र में जस्टिस वर्मा को हटाने का प्रस्ताव लाया जाएगा।

### 100 सांसदों के साइन जरूरी

लोकसभा में महाभियोग प्रस्ताव लाने के लिए कम से कम 100 सांसदों के हस्ताक्षर होना चाहिए। यदि यही प्रस्ताव राज्यसभा में पेश किया जाए तो उसके लिए 50



सांसदों के हस्ताक्षर आवश्यक हैं। हाल ही में संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने यह संकेत दिया था कि यह प्रस्ताव संसद के आगामी मानसून सत्र में लाया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह मामला भ्रष्टाचार से संबंधित है और इसमें राजनीतिक दृष्टिकोण की कोई भूमिका नहीं है। सरकार इस प्रस्ताव पर सहमति बनाने के लिए विपक्षी दलों से भी संवाद कर रही है।

### इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज हैं यशवंत वर्मा

जस्टिस वर्मा का दिल्ली हाईकोर्ट से ट्रांसफर कर दिया है। फिलहाल इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज हैं। वर्मा को किसी भी तरह का न्यायिक कार्य सौंपने पर रोक है। जस्टिस वर्मा के लुटियंस दिल्ली स्थित आधिकारिक आवास के स्टोर रूम में 14 मार्च की रात आग लग गई थी। पुलिस और फायरब्रिगेड की टीम ने आग बुझाई थी। तभी घर में भारी मात्रा में कैश मिला था। स्टोर रूम में 500-500 रुपए के जले नोटों के बंडलों से भरे (शेष पृष्ठ 6 पर...)




## साय सरकार ने छोटे व्यापारियों को दी बड़ी राहत, माफ किया 25 हजार रुपए तक का बकाया

रायपुर। छत्तीसगढ़ में छोटे व्यापारियों को अपना व्यवसाय आसानी से करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। राज्य सरकार छोटे व्यापारियों के 10 साल से अधिक लंबित पुराने मामलों में 25 हजार रुपए तक की वैट देनदारियों को खत्म करने जा रही है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ में इज़ ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत जीएसटी प्रावधानों में भी कई संशोधन किए जाएंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ माल एवं सेवा कर संशोधन विधेयक और छत्तीसगढ़ बकाया कर, ब्याज एवं शास्ति के निपटान संशोधन विधेयक 2025 के प्रारूप का अनुमोदन कर दिया गया है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## इसरो के मानव अंतरिक्ष अभियान की तैयारी तेज; गगनयान की उड़ान के लिए इंजन तैयार, मिशन एबॉर्ट परीक्षण सफल

बंगलूरू। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शनिवार को बताया कि उसने गगनयान मिशन के लिए सर्विस मॉड्यूल प्रोपल्शन सिस्टम (एसएमपीएस) का काम सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इसके साथ ही इस सिस्टम के सभी जरूरी परीक्षण भी पूरे कर लिए गए हैं। शुक्रवार को इस सिस्टम का 350 सेकंड (करीब 6 मिनट) तक एक बड़ा परीक्षण किया गया। इसका मकसद यह देखना था कि अगर उड़ान के दौरान कोई गड़बड़ी हो जाए और मिशन को बीच में रोकना पड़े (जिसे मिशन एबॉर्ट कहा जाता है), तो यह सिस्टम सही तरीके से काम करता है या नहीं।



### क्या काम करेगा सर्विस मॉड्यूल

गगनयान मिशन भारत का पहला मानव अंतरिक्ष मिशन है, जिस पर काम किया जा रहा है। इसरो ने एक बयान में कहा कि हॉट परीक्षण के दौरान प्रोपल्शन सिस्टम का प्रदर्शन पूर्वानुमानों के अनुसार सामान्य रहा। इसरो के मुताबिक, गगनयान के सर्विस मॉड्यूल में एक खास सिस्टम लगाया गया है जो दो तरह के ईंधन से चलता है। यह सिस्टम उस हिस्से को मदद करता है जो इंसानों को लेकर अंतरिक्ष में जाएगा। इसका काम रॉकेट को सही कक्षा (ऑर्बिट) में पहुंचाना, उड़ान के दौरान दिशा को नियंत्रित करना, जरूरत पड़ने पर रॉकेट की गति को धीमा करना और अगर कोई गड़बड़ी हो जाए तो मिशन को बीच में रोककर अंतरिक्ष यात्रियों को सुरक्षित वापस लाना है। इस सिस्टम में दो खास तरह के इंजन काम करते हैं-लिक्विड एपोजी मोटर (एलएएम) रॉकेट को उसकी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## ट्रेडिशनल नॉलेज डिजिटल लाइब्रेरी लॉन्च करने वाला पहला देश बना भारत, डब्लूएचओ ने की सराहना

नई दिल्ली। पारंपरिक चिकित्सा और आयुष नवाचारों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को एकीकृत करने के भारत के प्रयासों की सराहना करते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कहा है कि ट्रेडिशनल नॉलेज डिजिटल लाइब्रेरी लांच करने वाला भारत पहला देश बन गया है।



वैश्विक स्वास्थ्य सेवा नवाचार के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में डब्ल्यूएचओ ने पारंपरिक चिकित्सा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के अनुप्रयोग का मापन शीर्षक से एक तकनीकी संक्षिप्त विवरण जारी किया है। इसमें पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों, विशेष रूप से आयुष प्रणालियों के साथ एआई को एकीकृत करने में भारत के अग्रणी प्रयासों की सराहना की गई है। कें

### डब्ल्यूएचओ का पहला रोडमैप विकसित हुआ

केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने कहा कि यह विवरण इस विषय पर भारत के प्रस्ताव के बाद जारी किया गया है जिसके परिणामस्वरूप पारंपरिक चिकित्सा में एआई के अनुप्रयोग हेतु डब्ल्यूएचओ का पहला रोडमैप विकसित हुआ है। अपनी आयुष प्रणालियों की क्षमताओं को उन्नत और व्यापक बनाने के लिए एआई की क्षमता का लाभ उठाने के भारत के प्रयास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के व्यापक (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सीएम साय ने कहा: बंदूक की गोली नहीं, अब विकास की बोली गूंज रही, बीते 15 महीनों में 1521 नक्सलियों ने छोड़ी हिंसा

रायपुर। छत्तीसगढ़ के सुदूर अंचलों में बदलाव की बयार बह रही है। बस्तर बदल रहा है, बंदूकें थम रही हैं और लोकतंत्र की लौ अब हर कोने में जल रही है। इसी परिवर्तनशील वातावरण में आज सुकमा जिले में 1.18 करोड़ के इनामी 23 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। इन्हें मिलाकर पिछले 24 घंटों में कुल 45 नक्सलियों ने हिंसा का मार्ग त्यागकर लोकतांत्रिक व्यवस्था पर विश्वास जताया है।



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस अभूतपूर्व घटनाक्रम पर अपनी प्रतिक्रिया सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के माध्यम से व्यक्त करते हुए कहा कि यह केवल आत्मसमर्पण नहीं है, बल्कि विश्वास की उस जीत का प्रतीक है, जो हमारी सरकार ने नियाद नेला नार जैसी जनउन्मुख योजनाओं के माध्यम से गाँव-गाँव तक पहुँचाया है। अब यहां बंदूक की गोली नहीं, विकास की बोली सुनाई दे रही है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि पिछले 15 महीनों में 1521 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है, जो इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सरकार की पहुंच और विश्वास निरंतर बढ़ा है। यह सफलता राज्य (शेष पृष्ठ 6 पर...)




## प्रदेश के सात नगरीय निकायों को मिलेंगे राष्ट्रीय पुरस्कार: स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु करेंगी पुरस्कृत

रायपुर। स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 में छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है। नई दिल्ली में आगामी 17 जुलाई को आयोजित होने वाले स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार समारोह में राज्य के सात नगरीय निकायों को स्वच्छता के मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा।




राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु इन पुरस्कारों को प्रदान करेंगी। इस अवसर पर केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल तथा केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू भी उपस्थित रहेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार समारोह में छत्तीसगढ़ के तीन नगरीय निकायों को प्रेसिडेंट्स अवार्ड प्रदान करेंगी। स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए बिलासपुर नगर निगम को तीन लाख से दस लाख आबादी वाले शहरों की श्रेणी में, कुम्हारी नगर पालिका को 20 हजार से 50 हजार आबादी वाले शहरों की श्रेणी में तथा बिल्हा नगर पंचायत को 20 हजार से कम आबादी वाले शहरों की श्रेणी में यह सम्मान दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, रायपुर नगर निगम को स्वच्छता के क्षेत्र में राज्य स्तर पर श्रेष्ठ कार्यों के लिए केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा मिनिस्ट्रियल अवार्ड प्रदान किया जाएगा। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# प्रशासन का अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी, फ्लाई ओवर के नीचे से हटाई गई दुकाने और वाहन

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम, जिला प्रशासन और यातायात विभाग की संयुक्त टीम शहर को व्यवस्थित और अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए लगातार अभियान चला रही है। इसी कड़ी में, आज टीम ने फ्लाई ओवर के नीचे, पुराना बस स्टैंड चौक से भगत सिंह चौक तक के क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की बड़ी कार्रवाई की।

### आयुक्त की मौजूदगी में हुई कार्रवाई

कार्यवाही के दौरान निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा स्वयं उपस्थित रहकर टीम का उत्साहवर्धन कर रहे थे। उन्होंने ठेला-खोमचा वालों को स्वयं अतिक्रमण हटाने के लिए समझाइश भी दी। इससे पहले, शहर में सुगम आवागमन सुनिश्चित करने और अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए जिलाधीश डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे के निर्देश पर बाजार क्षेत्र की दुकानों को सामान अंदर रखने और बाहर लगे शेड हटाने की समझाइश दी गई थी। इस समझाइश के बाद गुड़ाखू लाइन और जूनी हटारी से भी अतिक्रमण हटाए गए थे। आज की कार्रवाई में फ्लाई ओवर के नीचे से दुकानों, ठेलों और खोमचों को हटाया गया। बता दें कि इस स्थान से पहले भी अतिक्रमण हटाए गए थे, लेकिन दोबारा अतिक्रमण होने पर आज फिर से निगम प्रशासन और यातायात की टीम ने कार्रवाई की।



### अवैध विद्युत मीटर जब्त और बेतरतीब वाहन हटाए गए

कुछ दुकानदारों द्वारा निगम की बिना अनुमति के लगाए गए 8 विद्युत मीटरों को जब्त कर लिया गया। साथ ही, फ्लाई ओवर पर बेतरतीब खड़े वाहनों को भी यातायात की टीम ने हटाने की कार्रवाई की। इसके अतिरिक्त फ्लाई ओवर के नीचे रह रहे परिवारों को पुराना रेस्ट हाउस रोड स्थित रैन बसेरा में रहने की समझाइश दी गई। बताया गया कि रैन बसेरा में रहने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त कर ली गई हैं।

### आयुक्त ने की सहयोग की अपील

कार्यवाही के संबंध में निगम आयुक्त ने बताया कि फ्लाई ओवर को साफ-सुथरा व व्यवस्थित रखने तथा सुनियोजित पार्किंग के लिए पहले भी अनाधिकृत खड़े वाहनों और ठेलों आदि को हटाने की अपील की गई थी, और कार्रवाई भी की गई थी। उन्होंने कहा कि दोबारा अतिक्रमण होने पर आज नगर निगम और यातायात की संयुक्त टीम ने फिर से कार्रवाई की है। उन्होंने बताया कि आज पहले दिन पुराना बस स्टैंड चौक से भगत सिंह चौक तक अतिक्रमण हटाया गया है, और सोमवार को भगत सिंह चौक से आगे भी हटाने की कार्यवाही की जाएगी। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने जनता से अपील करते हुए कहा है कि जिन लोगों के वाहन फ्लाई ओवर के नीचे खड़े हैं और जिनके द्वारा अनाधिकृत रूप से ठेला, खोमचा व अन्य सामान रखा गया है, वे कृपया स्वयं हटा लें। इससे फ्लाई ओवर के नीचे का क्षेत्र साफ-सुथरा और व्यवस्थित रहेगा।

# शहर में अवैध कब्जा के लिए विद्युत ट्रांसफार्मर व खंभे बन रहे मददगार

राजनांदगांव (दावा)। जिला प्रशासन व पुलिस विभाग व नगर निगम के संयुक्त तत्वावधान में शहर में यातायात में बाधक बन रहे अवैध कब्जों का हटाए जाने का अभियान छेड़ा जा चुका है। गत 6 जुलाई को जिला प्रशासन द्वारा शहर में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने मुख्य मार्केट गोलबाजार से लेकर गुड़ाखू लाइन में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की थी। इस क्रम को आगे बढ़ाते हुए शुक्रवार को जयस्तंभ चौक से मानव मंदिर चौक के आसपास के क्षेत्रों तक-तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। इसमें ज्यादातर लोगों ने प्रशासन के अतिक्रमण तोड़ूदस्ता को आते देख स्वयं ही अपने दुकान के सामने बढ़े हुए भाग, टीन शेड आदि को निकालना शुरू कर दिए वहीं कुछ दुकानदारो ने अवैध कब्जा हटाने से ना-नुकुर की ऐसे लोगों पर जबरदस्ती भी की गई और बेजा कब्जा हटाया गया। इस दौरान जयस्तंभ चौक में एक महिला चीखती-चिल्लाती हुई नजर आई थीं, जो महापौर को अपशब्द कह रही थी। अतिक्रमण तोड़ू दस्ता के साथ कोतवाली थाना प्रभारी रामेंद्र सिंह की टीम में उपस्थित महिला पुलिसकर्मियों ने उसे ले-देकर काबू में किया।



- यातायात में बांधा बन रहे विद्युत ट्रांसफार्मर व खंभे को व्यवस्थित किए जाने की जरुरत
- दुर्घटना की वजह हो रहे निरुपित

### यातायात में बाधक बन रहे विद्युत ट्रांसफार्मर व खंभे

बता दें कि शहर में आज से 50 साल पहले की जनसंख्या व शहर के कम फैलाव के हिसाब से सड़क के आसपास विद्युत ट्रांसफार्मर व बिजली के खंभे लगे हुए हैं। अब शहर पहले जैसा नहीं रहा। शहर में दुकानों की भरमार हो गई है। सड़क किनारे के बहुत से दुकानदार इन विद्युत खंभो की आड़ लेकर अपना दुकान बढ़ाए बड़े मजे से दुकानदारी कर रहे हैं। उन्हें मालूम है कि विद्युत ट्रांसफार्मर व खंभे को न तो नगर निगम हटा सकता और जिला प्रशासन वाले इसे हटा सकते। इसका लाभ उठाते हुए अपना दुकान आगे तक बढ़ाए इन दुकानदारो को यह विद्युत पोल या ट्रांसफार्मर अवैध कब्जा करने के लिए काफी मददगार साबित हो रहा है।

जयस्तंभ चौक से जूनी हटरी जाने वाले तिराहे पर एक बिजली का खंभा ऐसे ही काफी जगह रोके खड़ा है जिसके आड़ में लोगों की दुकानदारी चल रही है। यदि यह विद्युत खंभा हट जाए और वहां के छोटे दुकानदारों को व्यवस्थित कर दी जाएं तो यह तिराहा बहुत बड़ा हो सकता है जो यातायात व्यवस्था के लिए हितकर साबित हो सकता है। लेकिन प्रशासन विद्युत विभाग पर ऐसी जबरदस्ती नहीं कर सकता जो अवैध कब्जा के नाम पर छोटे-छोटे दुकानदारों के साथ कर सकता है।

### दुर्घटना का कारण बन रहा विद्युत ट्रांसफार्मर

शहर में मानव मंदिर चौक से पुत्री शाला जाने वाली मेन रोड में बीचों बीच शान से खड़ा विद्युत ट्रांसफार्मर के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। इस ट्रांसफार्मर के पीछे इसकी आड़ में दुकानदारों ने अपना टीन शेड आगे तक बढा रखी है। इससे यह सड़क काफी संकुचित हो गया है। इस ट्रांसफार्मर के आसपास लोगों की वाहने खड़ी होने से प्रायः आवागमन अवरुद्ध हो जाता है। इससे कई दुर्घटनाएं हो चुकी है। यातायात में बाधा बनने वाले इस ट्रांसफार्मर को अन्यत्र स्थानांतरित करने के लिए आसपास के लोगों ने विद्युत विभाग से लेकर निगम आयुक्त व कलेक्टर एस पी तक ज्ञापन दिया जा चुका है लेकिन यातायात में बाधक बने तथा अवैध कब्जा करने वालो के लिए मददगार साबित हो रहे है। उक्त ट्रांसफार्मर को हटाने किसी की भी हिम्मत नहीं हो पा रही। शहर में केवल यहीं ट्रांसफार्मर अथवा विद्युत पोल नहीं, कामठी लाइन, गुड़ाखू लाइन, तिरंगा चौक आदि जगहों में इस तरह के अनेकों ट्रांसफार्मर व बिजली खंभे है जो न केवल यातायात व्यवस्था के लिए अवरोधक साबित हो रहे हैं। दुकानदारों को इसकी आड़ में अवैध कब्जा का अच्छा मौका मिल रहा है।

कामठी लाइन में दो ट्रांसफार्मर सड़क के लगभग बीच मे लोगो का मुंह चिढ़ाते खड़े है। दोनों ट्रांसफार्मर के आमने-सामने होंने के कारण यहां पर प्रायः जाम की स्थिति बनी रहती है। एक ट्रांसफार्मर मे तो अत्यधिक लोड बढ़ जाने की वजह से बार- बार आग लगने के लिए जाना जाता है। इससे आसपास के लोग डरे हुए रहते हैं। बेहतर होगा कि जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन व नगर निगम को संयुक्त रूप से विद्युत विभाग को कह कर शहर में बेतरतीब ढंग से स्थापित और यातायात में बाधक बन रहे इन ट्रांसफार्मरो व बिजली खंबो को व्यवस्थित करने के लिए कहा जाए तो शहर काफी हेल-फेल व यातायात के लिए बाधा रहित हो सकता है।

### वाहन पार्किंग की समस्या से नहीं मिल रही निजात

आजकल ज्यादातर लोगों के पास चारपहिया वाहन हो गए है। शहर के मार्केट आने पर इसके पार्किंग की समस्या होती है। इसकी एक वजह शहर की सड़कों का संकुचित हो जाना व दुकानदार सड़क तक दुकानें फैलाए अपना व्यवसाय करना है। इससे शहर के हर प्रमुख लाईनों में प्रायः जाम की स्थितियां निर्मित होती रहती है। इसके लिए शहर में जहां-तहां लगे बेतरतीब ढंग से लगे विद्युत पोल व ट्रांसफार्मर कम जिम्मेदार नहीं हैं। स्थानीय प्रशासन को शहर को यातायात जाम से मुक्ति दिलाने इन तारों के मकड़जाल वाले विद्युत पोल व ट्रांसफार्मरों के खिलाफ अभियान छेड़ने की ज्यादा जरूरत है।

# भाजपा ने की 3 मंडलों की कार्यकारिणी की घोषणा

**जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने 3 मंडल कार्यकारिणी की घोषणा की**

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री किरण सिंह देव जी एवं संगठन महामंत्री श्री पवन साय जी की सहमति से जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने आज तीन मंडलों की कार्यकारिणी की घोषणा की है।

खिलेश्वर साहू राजनांदगांव पूर्व मंडल के अध्यक्ष एवं रमन राजपूत, संदीप साहू महामंत्री, श्रीमती सुशीला साहू कोषाध्यक्ष बनाए गए। राजनांदगांव पूर्व मंडल से अध्यक्ष खिलेश्वर साहू उपाध्यक्ष- हरीशंकर देशमुख, श्रीमती मधु सुकृत साहू, गोविन्द देवांगन, नील निर्मलकर, महामंत्री- रमन राजपूत, संदीप साहू, कोषाध्यक्ष- श्रीमती सुशीला साहू, सह कोषाध्यक्ष- रामकिशन साहू, मंत्री- बुद्धेश्वर साहू, गुरुचरण सिन्हा, श्रीमती सपना देशलहरा, श्रीमती गुंजा साहू, सोशल मीडिया प्रभारी- शैलेन्द्र साहू, सह सोशल मीडिया प्रभारी- अविनाश साहू, मिडिया प्रभारी- संतोष साहू, सह मीडिया प्रभारी- छबीलाल यदू, कार्यालय प्रभारी- परदेशी साहू, सह कार्यालय प्रभारी- धमेन्द्र साहू, को बनाया गया है।

मनोज साहू राजनांदगांव पश्चिम मंडल के अध्यक्ष एवं बलराम निर्मलकर, मोतीलाल देवांगन महामंत्री कृष्णा साहू, कोषाध्यक्ष बनाए गए। राजनांदगांव पश्चिम मंडल से अध्यक्ष मनोज साहू उपाध्यक्ष- रमेश चन्द्राकर, मुकेश साहू, श्रीमती पुष्पा उईके, श्रीमती उषा साहू, महामंत्री- बलराम निर्मलकर, मोतीलाल देवांगन, कोषाध्यक्ष- कृष्णा साहू, सह कोषाध्यक्ष- गोविन्द वर्मा, मंत्री- हेमदीप साहू, कोमल टंडन, श्रीमती भगवन्तीन निषाद, श्रीमती अनामिका यादव, मिडिया प्रभारी- डेवल साहू, सह मीडिया प्रभारी- हिपेन्द्र साहू, सोशल मीडिया प्रभारी- राकेश साहू, सह सोशल मीडिया प्रभारी- टुकेश्वर साहू, कार्यालय प्रभारी- गुणीत साहू, सह कार्यालय प्रभारी जितेन्द्र साहू, को बनाया गया है। कान्ता प्रसाद साहू छुरिया मंडल के अध्यक्ष एवं शेखर भारतद्वाज, अशोक मरकाम महामंत्री शिवा मिश्रा कोषाध्यक्ष बनाए गए। छुरिया मंडल से अध्यक्ष कान्ता प्रसाद साहू उपाध्यक्ष- नैनसिंह पटेल, हितेश गुप्ता, खिलेन्द्र साहू, श्रीमती भान बाई मंडी, महामंत्री- शेखर भारद्वाज, अशोक मरकाम, कोषाध्यक्ष शिवा मिश्रा, सह कोषाध्यक्ष सोहन साहू, मंत्री- राजकुमार सिन्हा, श्रीमती शकुन बडोले, श्रीमती प्रभा पवार, श्रीमती भारती रजक, मिडिया प्रभारी शिशुपाल साहू, सह- मीडिया प्रभारी- कुंश कुम्भकार, सोशल मीडिया प्रभारी मोनेश साहू, सह सोशल मीडिया प्रभारी विवेद यादव, कार्यालय प्रभारी खिलेश कुमार साहू, सह कार्यालय प्रभारी आनंद शुक्ला, को बनाया गया है। भाजपा जिला महामंत्री राजेन्द्र गोलछा, रविन्द्र वैष्णव एवं सौरभ कोठारी ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# सरकार की निष्क्रियता से राजस्व विभाग बदहाल - कांग्रेस



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं प्रदेश कांग्रेस विधि विभाग के महामंत्री रूपेश दुबे ने राज्य सरकार पर राजस्व विभाग की बदहाली के लिए निष्क्रियता का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि न्याय व्यवस्था में जहां ऑनलाइन सुविधाएं बढ़ रही हैं। वहीं राजस्व विभाग में ऑनलाइन को ध्वस्त कर ऑफलाइन का खेल खेला जा रहा है। दुबे ने कहा कि अतिक्रमण के मामलों में विभाग अतिक्रमणकारियों को संरक्षण दे रहा है। उन्होंने गठूला का उदाहरण देते हुए बताया कि दिसंबर से एसडीएम कोर्ट में अतिक्रमणकारियों की अपील खारिज होने के बावजूद उन्हें बेदखल नहीं किया गया, जो वरिष्ठ कोर्ट के आदेश की भी जगजाहिर अवहेलना है। इसी तरह, मोखला में जलाशय मद की भूमि पर अतिक्रमण कर मकान बनाने वालों पर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

### कार्यप्रणाली पर सवाल

रूपेश दुबे ने राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली पर कई गंभीर सवाल उठाए है। कोर्ट केस में पटवारी प्रतिवेदन और फर्द सूची समय पर जमा नहीं होते। तहसीलदार और नायब तहसीलदार का सुनवाई करने और न्यायालय में बैठने का समय सुनिश्चित नहीं है। कोर्ट में कोटवार और प्यून आदेश पत्र संभाल रहे हैं। रिकॉर्ड रूम में नकल आवेदन जमा करते समय रिकॉर्ड जमा तारीख की मांग की जाती है, जबकि रिकॉर्ड जमा करना विभागीय कार्यवाही है। राजस्व अधिकारी आदेश की तिथि में आदेश नहीं करते। अधिकांश प्रकरण ऑनलाइन नहीं हैं, और जो हैं उनमें आदेश अपलोड नहीं होते। सुशासन तिहार और राजस्व पखवाड़ा के आवेदनों का निराकरण भी नहीं हो रहा है।

# तिलई के पास डिवाइडर से टकराया बाइक सवार, गंभीर रूप से ज़ख्मी



राजनांदगांव (दावा)। शनिवार को खैरागढ़ रोड स्थित ग्राम तिलई के पास एक तेज रफ्तार बाइक सवार युवक रोड डिवाइडर से टकराकर गंभीर रूप से ज़ख्मी हो गया। इस दुर्घटना में बाइक सवार युवक के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई हैं। शनिवार तकरीबन शाम 4 बजे तिलई के शिव मंदिर के पास हुए इस हादसे के बाद वहाँ लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने तत्काल 112 वाहन बुलाकर युवक को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल भिजवाया।

जानकारी के अनुसार, घुमका थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गाँव भटगाँव निवासी दीपक पटेल (बाइक क्र. सीजी 04 सीएच 4448) अपनी बाइक पर तेज रफ्तार से तिलई ग्राम की ओर आ रहा था। जैसे ही वह ग्राम के शिव मंदिर के समीप पहुँचा, वाहन अनियंत्रित होकर रोड डिवाइडर से टकरा गया। इससे युवक सड़क पर गिर गया और उसकी बाइक सड़क किनारे दूर जा गिरी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बाइक सवार युवक नशे में धुत था। उसके आगे-पीछे गाड़ियाँ चल रही थीं, लेकिन वह तेज रफ्तार में इनकी परवाह किए बिना भागे जा रहा था और रोड डिवाइडर से टकराकर हादसे का शिकार हो गया।

### पुलिस कर रही मामले की जांच

चौकी चिखली प्रभारी अरुण कुमार नामदेव ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस के पहुंचने से पहले ही लोगों ने 112 बुलाकर ज़ख्मी युवक को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल भिजवा दिया था। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। हादसे में गंभीर रूप से ज़ख्मी युवक का नाम दीपक पटेल बताया जाता है। चिखली चौकी पुलिस ने मौके पर पहुँचकर जांच कार्रवाई शुरू कर दी है।

# सिंघोला के महाकाल मंदिर में हुए पौधे वितरित



राजनांदगांव (दावा)। बालोद रोड पर स्थित ग्राम सिंघोला के महाकाल मंदिर में शनिवार को पौधे वितरित किए गए। महाकाल सेना द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में बेल और पारिजात सहित बड़ी संख्या में पौधे बांटे गए।

इस दौरान सांसद संतोष पांडे, पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा, और जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत भी खास तौर पर मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान मंदिर में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसादी भी ग्रहण की। इस अवसर पर मुख्य रूप से महाकाल भक्त पवन डागा, राजू डागा, योगेश खत्री, अमित खंडेलवाल, संजू तेजवानी, संतोष पटाक, महेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# चिखली पुलिस ने अशांति फैलाने वाले 3 बदमाशों पर की कार्रवाई

राजनांदगांव (दावा)। चिखली चौकी पुलिस ने अपने चौकी क्षेत्र में अशांत फैलाने वाले 3 बदमाशों को धर दबोचा है और उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की है।



चौकी प्रभारी अरुण कुमार नामदेव ने बताया क पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के पर्यवेक्षण में क्षेत्र मे शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु असामाजिक तत्वों के विरूद्ध सतत अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत शनिवार 12 जूलाई को चौकी चिखली मे आम जनता की शिकायतो के आधार पर अलग-अलग टीम गठित कर बदमाशो पर अंकुश लगाने हेतु 3 बदमाशों को धर दबोचा गया जिनके नाम मनीष साहू पिता रूपलाल साहू उम्र 30 साल निवासी चिखली वार्ड नं. 5, डोमन यादव पिता स्व. रामसाय यादव उम्र 32 साल निवासी कांकेतरा एवं विक्की जेदिया पिता गणेश जेदिया उम्र 35 साल निवासी 16 खोली स्टेशनपारा बताया जाता है। इनके खिलाफ धारा 170,126, 135(3) बी.एन.एस.एस. के तहत कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी निरीक्षक श्री नामदेव सहित समारू राम सर्पा, वंदना पटले, ज्योति साहू मनोज जैन, सुनील बैरागी, आदित्य सोलंकी, मिर्जा असलम बेग, नागेश्वर साहू एवं चौकी चिखली स्टाफ का महत्वपूर्ण भूमिका एवं सराहनीय योगदान रहा।







# सचिव, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, भारत सरकार राजेश अग्रवाल ने सीआरसी सेंटर ठाकुरटोला का किया निरीक्षण

राजनांदगांव (दावा)। सचिव दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग भारत सरकार राजेश अग्रवाल ने विकासखंड राजनांदगांव के ग्राम ठाकुरटोला में दिव्यांगजन कौशल विकास पुनर्वास और सशक्तिकरण समेकित क्षेत्रीय केंद्र (सीआरसी) राजनांदगांव का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने दिव्यांगजनों को निःशुल्क मोटराईज्ड ट्रायसायकल एवं सहायक उपकरण वितरण किया। उन्होंने दिव्यांगजन कौशल विकास पुनर्वास और सशक्तिकरण समेकित क्षेत्रीय केंद्र (सीआरसी) राजनांदगांव परिसर में पौधरोपण किया। इस दौरान निदेशक एनआईईपीआईडी सिकंदराबाद डॉ. बीवी रामकुमार, कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे, संचालक समाज कल्याण विभाग श्रीमती रोकतिमा यादव उपस्थित थे।

सचिव दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग भारत सरकार राजेश अग्रवाल ने सीआरसी सेंटर के डॉक्टर कक्ष, व्हिज्युअल थेरपी कक्ष, फिजियोथेरपी कक्ष, नैदानिक मनोविज्ञान कक्ष, विशेष शिक्षा, ऑडिओलॉजी कक्ष, वाणी एवं भाषा उपचार, सीसीसीजीपी कक्ष, आडिटोरियम, पुस्तकालय, क्लास रूम का निरीक्षण किया। सचिव राजेश अग्रवाल ने नैदानिक मनोविज्ञान कक्ष में ऑनलाईन पंजी संधारण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने विशेष शिक्षा कक्ष में 11 वर्षीय बच्चे का यूडीआई के संबंध में जानकारी ली और बच्चे का निरामय स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत लाभान्वित करने के निर्देश दिए। सचिव राजेश अग्रवाल ने सीआरसी सेंटर में उपस्थित दिव्यांगजनों से बातचीत की और उन्हें निःशुल्क मोटराईज्ड ट्रायसायकल और सहायक उपकरण वितरण किया। उन्होंने डिसली क्लास रूम का अवलोकन किया। विद्यार्थियों से साइन लैंग्वेज के संबंध में बातचीत की। उन्होंने कहा कि सभी को साइन लैंग्वेज के संबंध में अच्छे से ज्ञान होना चाहिए। साइन लैंग्वेज में विशेष ध्यान देने कहा। उन्होंने कहा कि साइन लैंग्वेज का बहुत अच्छा स्कोप उपलब्ध होता है। साथ ही हिन्दी और अंग्रेजी भाषा का अच्छा ज्ञान होना चाहिए। जिससे वे साइन लैंग्वेज के माध्यम से बता सके। इसके साथ ही विधि से संबंधित ज्ञान भी होना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि आपस में भी साईन लैंग्वेज में बात करनी चाहिए, जिससे ज्ञान बढ़ेगा। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने प्राध्यापकों को निर्देश दिए। उन्होंने प्रेक्टीकल अध्ययन-अध्यापन को अधिक से अधिक कराने कहा।



- दिव्यांगजनों को निःशुल्क मोटराईज्ड ट्रायसायकल और सहायक उपकरण का किया वितरण
- विद्यार्थियों को साइन लैंग्वेज का होना चाहिए अच्छा ज्ञान, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के दिए निर्देश

सचिव दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग भारत सरकार राजेश अग्रवाल ने कौशल विकास विभाग के डिप्लोमा इन इंडियन साइन लैंग्वेज इंटरप्रिटेशन के बच्चों से मुलाकात की। उन्होंने बच्चों द्वारा किए गए कौशल कार्य की प्रशंसा की। उन्होंने सीआसी सेंटर में उपचार कराने आए दिव्यांजनों से मुलाकात की। सचिव श्री अग्रवाल ने दिव्यांग आशीष देवदास और रवि से बातचीत कर स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली। दिव्यांग आशीष ने बताया कि सीआरसी सेंटर में बहुत अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही है। पहले चलने में बहुत समस्या होती थी लेकिन अब नहीं होती है।

सचिव दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग भारत सरकार राजेश अग्रवाल ने सीआरसी सेंटर के उपरी मंजिल के निर्माणाधीन कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने भवन निर्माण के निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप निर्माण कार्य करने निर्माण एजेंसी को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए।

### शुभांक

अनुमानित

बी. के.

458-7 467-7

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# पुलिस ने 89 गुम मोबाइल ढूंढकर स्वामियों को लौटाए : 10 लाख के फोन पाकर लोगों के चेहरे पर दिखी खुशी

राजनांदगांव (दावा)। इन दिनों शहर सहित जिले भर में पुलिस की सक्रियता देखने को मिल रही है। पुलिस ने शनिवार को लोगों से गुम हुए मोबाइल को खोज-ढूंढकर उनके सही धारकों के हवाले किया है। मोबाइल धारकों को गुम मोबाइल मिलने से उनके चेहरे में खुशी देखी गई। बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि लोगों के गुम हुए 89 नग गुम मोबाइल जिसकी कीमत लगभग 10 लाख रूपये आंकी गई है जिसे जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा वास्तविक मोबाइल स्वामियों में वितरित किया गया।

श्री साहू ने बताया कि उक्त गुम मोबाइलो को जिले के समस्त थाना/चौकी द्वारा CEIR पोर्टल के माध्यम से खोजा गया और जिले सहित राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा इस संबंध में जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को गुम मोबाईल बरामद करने हेतु निर्देश किया गया था। जिसके तहत विगत 02 माह में उनके नेतृत्व में बसंतपुर पुलिस द्वारा सर्वाधिक 30 नग गुम मोबाईल बरामद किया गया है। इसके अतिरिक्त थाना कोतवाली द्वारा 25 नग, थाना सोमनी द्वारा 4 नग, थाना घुमका द्वारा 2 नग, थाना डोंगरगढ़ द्वारा 4 नग, थाना बागनदी द्वारा 3 नग, थाना छुरिया द्वारा 5 नग, थाना डोंगरगांव द्वारा 6 नग, थाना गैंदाटोला द्वारा 5 नग एवं सायबर सेल द्वारा 5 नग गुम मोबाईल कुल 89 नग गुम मोबाईलो को बरामद किया गया जिसकी कीमत लगभग 10 लाख रूपये है। इन 89 नग मोबाईलो को जिले एवं जिले से बाहर छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों के विभिन्न क्षेत्रों से बरामद कर मोबाईल स्वामी को लौटाया गया।



### पुलिस अधीक्षक ने मोबाइल धारकों को दी समझाइश

इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री गर्ग द्वारा मोबाईल धारकों को उनके गुम मोबाईल का वितरण प्राप्त किया गया और कहा गया कि आज के समय में मोबाईल मात्र संचार का साधन ही नही है बल्कि मोबाईल में लोगों के महत्वपूर्ण दस्तावेज, बैंक एकाउण्ट, फोटो, विडियो, बिजनेश के साफ्टवेयर आदि कीमती डाटा संकलित कर रखे हुए रहते हैं। मोबाईल दूसरे के हाथों में आने पर उससे वे उनका गलत इस्तेमाल भी कर सकते हैं अतः मोबाईल गुम होने पर तत्काल सिम बंद करवायें। मोबाईल में सेफ्टी फिचर्स होते हैं जिसे चालू रखें, फाईण्ड माई डिवास जैसे साफ्टवेयर डाउनलोड कर रखें जिससे मोबाईल गुमने पर तत्काल स्वतः ढूंढ सके साथ ही उसके डाटा का डीलीट कर सके। अपने मोबाईल में पासवर्ड डाल कर रखें, अपना मोबाईल किसी अंजान व्यक्ति को उपयोग करने ना देवे।

### गुम मोबाइल मिलने से लोगों के चेहरे में खुशी

बसंतपुर थाना प्रभारी श्री साहू ने बताया कि गुम मोबाईल मिलने की उम्मीद छोड़ चुके लोगों को जब पुलिस अधीक्षक श्री गर्ग द्वारा अपने हाथों से गुम मोबाईल लौटाया गया, तब गुम मोबाईल पाकर लोगों का चेहरा खुशी से खिल गया। गुम मोबाईल मिलने पर मोबाईल धारकों द्वारा पुलिस अधीक्षक श्री गर्ग को गुम मोबाईल ढूंढवा कर वापस दिलाने के अभियान की सराहना की और उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अभियान में सभी थाना प्रभारियों के साथ-साथ आरक्षक भवानी थानापति व कुश बघेल थाना बसंतपुर की भूमिका महत्वपूर्ण रही.

# सिंघोला महाकाल मंदिर में सावन के पहले सोमवार को भस्म आरती, श्रृंगार आरती और भव्य सवारी



राजनांदगांव (दावा)। सिंघोला स्थित महाकाल मंदिर की महाकाल सेना सावन उत्सव धूमधाम से मना रही है और सावन के हर एक सोमवार के लिए विशेष तैयारियाँ की गई हैं। महाकाल भक्त पवन डागा ने जानकारी देते हुए बताया कि सावन के पहले सोमवार, 14 जुलाई को महाकाल मंदिर सिंघोला में तड़के ढाई बजे भस्म आरती की जाएगी। इसके बाद भोर में 4 बजे श्रृंगार आरती होगी। दोपहर 2 बजे महाकाल बाबा की भव्य सवारी बाजे-गाजे के साथ निकलेगी। बताया गया है कि महाकाल की सवारी देखने के लिए नांदगाँव से सिंघोला तक भक्तगण पलकें बिछाए प्रतीक्षा करेंगे।

# बाबा महाकाल की चन्द्रमौलेश्वर स्वरूप भव्य पालकी यात्रा डोंगरगढ़ में निकलेगी



डोंगरगढ़ (दावा)। श्री महाकाल भक्त समिति डोंगरगढ़ द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सावन माह के पावन अवसर पर बाबा महाकाल की चन्द्रमौलेश्वर स्वरूप पालकी यात्रा तारण पीपलेश्वर महादेव मंदिर से नगर भ्रमण को निकाली जाएगी। समिति के गोविन्दा देवांगन ने इस वर्ष के सावन माह को सावन महोत्सव के नाम से संबोधित किया। उन्होंने इस वर्ष सावन माह के प्रत्येक सोमवार को प्रमुख आयोजन होना है ऐसा बताया। सावन के प्रथम सोमवार दिनांक 14 जुलाई को डोंगरगढ़ के राजाधिराज बाबा महाकाल स्वरूप चंद्रमौलेश्वर तारण पीपलेश्वर महादेव मंदिर थाना चौक में विराजमान बाबा जी का अभिषेक एवं पूजन, द्वितीय सोमवार 21 जुलाई को शिव शक्ति मिलन हेतु माँ बम्लेश्वरी माता मंदिर ऊपर एवं नीचे मंदिर जाना है। तृतीय सोमवार 28 जुलाई को भव्य पालकी यात्रा तारण पीपलेश्वर महादेव मन्दिर से नगर भ्रमण की जाएगी एवं चतुर्थ सोमवार को मंदिर में रामायण की जानी है। समिति के सदस्यों द्वारा सभी शिवभक्त प्रेमियों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु अपील की है।

# देश के जवान हमारे रियल हीरो - संजय अग्रवाल




राजनांदगांव (दावा)। कॉन्फ्लूएन्स महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने आज 12 जुलाई, 2025 को राजनांदगांव के कोरकोट्टी में 12 जुलाई 2009 को हुए नक्सली हमले में शहीद हुए तत्कालीन पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार चौबे सहित 29 जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। विद्यार्थियों ने दीपक जलाकर शहीदों को नमन किया।

**शहीद जवानों को विद्यार्थियों ने दीपक जलाकर दी भावभीनी श्रद्धांजलि**

कार्यक्रम अधिकारी प्रो. विजय मानिकपुरी ने कहा कि जिले के नक्सली इतिहास में पुलिस बल पर यह नक्सलियों का सबसे बड़ा हमला था। उन्होंने बताया कि नक्सलियों के घात लगाकर किए गए इस कायराना हमले में हमारे जवानों को अपने प्राणों की आहुति देनी पड़ी। आज उनकी शहादत और जज्बे को सलाम किया गया।

प्राचार्या डॉ. रचना पांडे ने कहा कि मदनवाड़ा के जिन इलाकों में सुरक्षा जवानों को चुनौती मिली, जिसके कारण इतना बड़ा हमला हुआ, उसे याद करके आज सभी की आँखें नम हो गईं। उन्होंने कहा कि शहीदों की शहादत आज के युवाओं में देशभक्ति के गुण भर रही है, और युवा उन्हें श्रद्धांजलि दे रहे हैं। महाविद्यालय के डायरेक्टर संजय अग्रवाल ने जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि नक्सलियों ने हमले के दौरान सड़क भी उड़ा दी थी, ताकि जवानों को किसी प्रकार की मदद न मिल सके। उन्होंने कहा कि 'यह दिखलाता है कि नक्सलियों की मानसिकता कितनी घृणित और ओछी है। आज जवान हमारे बीच नहीं हैं, बस उनकी बहादुरी और उनकी शहादत की यादें हमारे साथ हैं।' उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि 'देश के लिए लड़ने वाले जवान हमारे रियल हीरो हैं, और वे हमारे प्रेरणा स्त्रोत हैं।' श्रद्धांजलि देते समय विद्यार्थियों ने सर्वप्रथम रंगोली से अमर शहीद स्मारक बनाया, शहीदों के पोस्टर लेकर उन्हें स्मरण किया, देशभक्ति के गीत गाए और मौन धारण करके उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों ने नम आँखों से शहीद हुए जवानों को याद किया।

# जिला पंचायत सीईओ सुरुचि सिंह ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 की तैयारी का लिया जायजा



राजनांदगांव (दावा)। स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण अंतर्गत आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 को ध्यान में रखते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह द्वारा जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिला पंचायत सीईओ ने निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों, स्वच्छग्राही कार्यकर्ताओं एवं पंचायत प्रतिनिधियों से भी चर्चा की। उन्होंने सभी से मोबाइल एप के माध्यम से अधिक से अधिक फीडबैक दर्ज कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सामूहिक दायित्व है। यदि प्रत्येक ग्रामीण अपनी जिम्मेदारी समझे और स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना ले, तो निश्चित रूप से हमारा जिला सर्वेक्षण में अग्रणी स्थान प्राप्त करेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में स्वच्छता सर्वेक्षण में फील्ड विजिट, सामुदायिक सहभागिता और डिजिटल फीडबैक को प्रमुख रूप से आंका जाएगा, इसलिए सभी पंचायतों को हर स्तर पर सजग और सक्रिय रहना होगा। निरीक्षण के दौरान विभिन्न ग्रामों में सड़क किनारे विभिन्न स्थानों पर गंदगी पाए जाने पर नाराजगी जाहिर की और संबंधित जनपद पंचायत सीईओ को तत्काल प्रभाव से साफ-सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ग्राम पंचायत रेंगाकठेरा में कचरा संग्रहण की उचित व्यवस्था नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों को तत्काल कचरा संग्रहण की नियमित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही कचरा एवं गंदगी फैलाने वालों पर आवश्यक कार्रवाई करने कहा।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने निरीक्षण के दौरान जनपद पंचायतों के सीईओ और पंचायत सचिवों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 की सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूर्ण की जाएं। प्रत्येक ग्राम पंचायत में सफाई योजना बनाई जाए और उसका कड़ाई से पालन किया जाए। स्वच्छता से संबंधित गतिविधियों का सुनियोजित प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित हो। सार्वजनिक स्थलों, स्कूलों, सामुदायिक भवनों, आंगनबाड़ियों सहित अन्य स्थलों की सफाई एवं स्वच्छता की साप्ताहिक समीक्षा की जाए। प्रत्येक ग्रामवासी को स्वच्छता एप के माध्यम से फीडबैक देने के लिए प्रोत्साहित किया जाए, जिससे ग्रामों की रैंकिंग में सुधार हो। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, ग्राम पंचायत सरपंच, पंच, सचिव सहित अन्य अधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# भवानी नगर में सत्यनारायण की पूजा कर की गई सावन उत्सव की शुरुआत



राजनांदगांव (दावा)। शहर के बसंतपुर क्षेत्र स्थित भवानी नगर में समाजसेवी महिलाओं ने श्रमिक महिलाओं के साथ भगवान श्री सत्यनारायण की पूजा कर सावन उत्सव की शुरुआत की।

इस दौरान शहर के वरिष्ठ समाजसेवी व अधिवक्ता श्रीमती तिवारी के निवास स्थान भवानी नगर में आसपास के लोगों के घरों में काम करने वाली श्रमिक महिलाओं ने भगवान श्री सत्यनारायण की पूजा की और पुरोहित राजाराम शास्त्री के सान्निध्य में वैदिक मन्त्रोंच्चार के बीच यज्ञ - हवन में आहुतियां प्रदान की। महिलाओं ने सावन उत्सव की शुरुआत एक दूसरे को हरी चूड़ियां प्रदान कर की वहीं गुरु पूर्णिमा का पर्व भी धूमधाम के साथ मनाया।

इस दौरान समाजसेवी श्रीमती शारदा तिवारी ने महिलाओं को बताया कि सनातन धर्म के वैदिक वांग्मय 4 वेद 18 पुराण 108 उपनिषद सहित पंचम वेद महाभारत के रचयिता भगवान वेद व्यास की जन्म जयंती के उपलब्ध में आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को मनाया जाता है। इस दिन समस्त गुरुओं की पूजा की भी जाती है। उन्होंने बताया कि यह पर्व जिसने हमें सद्ज्ञान दिया उन गुरुओं के प्रति आभार प्रकट करने का पर्व है।

सावन उत्सव की शुरुआत सहित गुरु पूर्णिमा पर्व पर आयोजित इस पूजा अर्चना कार्यक्रम में श्रमिक वर्ग की महिला श्रीमती आशा यादव, गीता साहू, बसंती यादव, लता यादव, प्रियंका साहू, गीता यादव, सुनीता साहु सहित समाजसेवी महिलाएं श्रीमती प्रवीणा राठौर, श्रद्धा ढोक, अंजू श्रीवास्तव, प्रमिला डेकाटे, गीता सोनी, सूरज देवांगन आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में लोगों को भगवान की महाप्रसादी रुप में सभी को सुस्वादु भोजन कराया गया।

# एनपीपीएस बल्देवबाग और जयस्तंभ चौक में गुरु पूर्णिमा पर दिखा उत्साह




राजनांदगांव (दावा)। बीते गुरुवार को गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल (एनपीपीएसए), बल्देवबाग और जयस्तंभ चौक शाखाओं में नर्सरी से केजी-2 तक के बच्चों ने यह पावन पर्व बड़ी श्रद्धा के साथ मनाया।

इस उपलक्ष्य में नर्सरी से केजी-2 तक के बच्चों ने रंग-बिरंगे परिधानों में मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का शुभारंभ 'गुरु ब्रह्मा, गुरु विष्णु, गुरु साक्षात् परम् ब्रह्म' श्लोक के साथ किया गया। इस अवसर पर कक्षा पहली से आठवीं तक के छात्र-छात्राओं ने वेदों और पुराणों के रचयिता महर्षि वेद व्यास जी के विभिन्न पहलुओं को प्रस्तुत किया। वहीं, विद्यार्थियों ने गुरु-शिष्य परंपरा का निर्वहन करते हुए अपने सभी गुरुजनों का आशीर्वाद लिया।

संस्था के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी ने छात्र-छात्राओं को गुरु की महत्ता के गुर बताते हुए कहा कि 'जीवन में हर व्यक्ति को अपना जीवन संवारने और उपलब्धि हासिल करने के लिए गुरु की जरूरत पड़ती है। अतः, गुरुजनों के बताए मार्ग पर चलकर ही जीवन सफल बनाया जा सकता है।' इस अवसर पर डायरेक्टर नीरज बाजपेयी, श्रीमती सोनल बाजपेयी, सुश्री कुंतल बाजपेयी, प्राचार्या श्रीमती आरती पिल्लई, हेड मिस्ट्रेस श्रीमती वैशाली सिंह एवं श्रीमती स्नेहा तिवारी सहित सभी शिक्षकगण और स्टाफ उपस्थित थे। उक्त जानकारी शाला प्रशासक ने दी।

# अध्यात्म की शुरुआत परोपकार से होती है - मुनि वीरभद



राजनांदगांव (दावा)। जैन बगीचे स्थित उपाश्रय भवन में आज मुनि वीरभद्र (विराग) जी ने अपने प्रवचन में परोपकार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 'अध्यात्म की शुरुआत परोपकार से होती है और इसका अंत भी परोपकार से होता है। दरअसल, परोपकार से आत्मा की संरक्षा का मार्ग प्रशस्त होता है।' उन्होंने स्पष्ट किया कि परोपकार का अर्थ केवल दूसरों का उपकार करना नहीं, बल्कि वास्तव में स्वयं का उपकार करना है। मुनि श्री ने कहा कि व्यक्ति दोषी नहीं होता, बल्कि उसका आचार-व्यवहार और राग दोषी होता है, जिसे बदला जा सकता है। उन्होंने बताया कि जिसके अंदर परमार्थ और त्याग का भाव आ जाए, वही सच्चा परोपकारी है। किसी भी व्यक्ति को चारित्र्य (संयम) लेने में सहयोग करना परोपकार की पराकाष्ठा है, क्योंकि यह आत्मा की सुरक्षा और संरक्षा का मार्ग तैयार करता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि एक सच्चा डॉक्टर रोगी के रोग को देखता है, व्यक्ति को नहीं।

मुनिश्री ने आगे कहा कि यदि मन में सम्यक धारणा बन जाए, तो वह व्यक्ति परोपकार का कोई भी मौका नहीं छोड़ सकता। अपने स्वार्थ को छोड़कर यदि कोई दूसरे का हित कर रहा हो, तो वही परोपकार है। हमें स्वार्थ त्यागकर किसी की मदद करनी चाहिए, न कि स्वार्थ सिद्धि के लिए। जैन मुनि ने परमार्थ तत्वों को गहराई से समझने पर जोर दिया, जिससे आत्म-कल्याण के मार्ग में आगे बढ़ा जा सके। परोपकार के महत्व और प्राथमिकता के बारे में बताते हुए मुनि श्री ने कहा कि किसी अभावग्रस्त व्यक्ति को कपड़े देना कम परोपकार है, उससे बड़ा परोपकार भूखे को भोजन देना है।

उन्होंने तर्क दिया कि व्यक्ति बिना कपड़े के रह सकता है, लेकिन भूखा नहीं रह सकता। यदि कोई व्यक्ति दूसरे को आत्म-कल्याण के मार्ग पर ले जाता है, तो यह सर्वोत्कृष्ट परोपकार है। उन्होंने कहा कि द्रव्य परोपकार, भाव परोपकार का कारण बनता है।

मुनि श्री वीरभद्र ने आगे फरमाया कि दूसरों को पीड़ा पहुँचाना, आगे चलकर स्वयं के लिए पीड़ा का कारण बनता है। इसलिए दूसरों को पीड़ा नहीं पहुँचानी चाहिए। उन्होंने कहा कि पुण्योदय और पापोदय दोनों ही जबरदस्त हैं, और अपने जीवन में परोपकार के माध्यम से हम पुण्योदय की राह में बढ़ जाते हैं, जिससे हमारे आत्म-कल्याण का मार्ग प्रशस्त हो जाता है। अंत में, उन्होंने कहा कि जीवन में धर्म की सुदृढ़ता के लिए परोपकार पहली सीढ़ी है, जो हमें शिखर तक पहुँचाएगी।

# स्वर-साधिका श्रीमती अल्का बेन व्यास पंचतत्व में विलीन



राजनांदगांव (दावा)। वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र व्यास की धर्मपत्नी श्रीमती अल्का व्यास (62 वर्ष) का आज आकस्मिक निधन हो गया। श्रीमती व्यास ने संगीत शिक्षिका के रूप में महारानी लक्ष्मीबाई आदर्श कन्या स्कूल में लंबे समय तक अपनी सेवाएँ दीं और कुछ माह पूर्व ही सेवानिवृत्ति प्राप्त की थी। संगीत के क्षेत्र में वरीयता प्राप्त होने के बावजूद, उन्होंने कभी प्रचार-प्रसार को माध्यम नहीं बनाया। आज सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति में उनके पुत्र अंकित व्यास ने लखोली मुक्तिधाम में उन्हें मुखाग्नि दी।

### राजनीतिक एवं प्रशासनिक हस्तियों ने दी श्रद्धांजलि

राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व राज्यपाल स्वर्गीय मोतीलाल वोरा एवं गोविंदलाल वोरा के भांजे राजेंद्र व्यास की पत्नी श्रीमती अल्का व्यास के निधन पर उनके पुत्र ने उन्हें मुखाग्नि प्रदान की। आज दोपहर 3 बजे उनके निवास, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी लालबाग से उनकी अंतिम यात्रा निकाली गई। श्रीमती व्यास के निधन के समाचार से स्थानीय पत्रकार जगत में शोक की लहर दौड़ गई। श्री व्यास से आत्मीयता रखने वाले स्वजनों के साथ ही विशेष रूप से छत्तीसगढ़ सरकार के पुलिस विभाग के अधिकारी एडीजी अमित सिंह ने मुक्तिधाम में मृतात्मा को अपनी पुष्पांजलि अर्पित की। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा ने भी अंतिम संस्कार में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। मृतात्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अरुण वोरा ने कहा कि श्रीमती व्यास ने आजीवन शिक्षा से नाता जोड़े रखा। संगीत के क्षेत्र में उन्होंने कृष्ण भक्ति को अपने कंठ में उतारकर अनेक भजनों की प्रस्तुतियां मंचों पर दी थी।

# संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल में 'सेफ एंड अनसेफ टच', 'टीन टॉक' और 'डिजिलैंटे' सेमिनार का सफल आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल ने 12 जुलाई (शनिवार) को अपने परिसर में छात्रों और अभिभावकों के लिए तीन महत्वपूर्ण जागरूकता सेमिनारों का सफलतापूर्वक आयोजन किया। यंग इंडियंस थालिर ग्रुप दुर्ग की विशेषज्ञ प्रशिक्षक सुश्री नितिका अग्रवाल और श्रीमती फरजाना दानिश के सहयोग से आयोजित इन सेमिनारों का मुख्य उद्देश्य छात्रों को वर्तमान चुनौतियों के प्रति जागरूक करना और उन्हें सुरक्षित, जिम्मेदार तथा डिजिटल रूप से सजग नागरिक बनाना था।



### बच्चों के समग्र विकास पर जोर - प्राचार्या श्रीमति रेखा तिवारी

विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती रेखा तिवारी ने इस पहल के महत्व पर जोर देते हुए कहा 'हमारा मानना है कि बच्चों का समग्र विकास केवल अकादमिक उत्कृष्टता तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें उन्हें जीवन के विभिन्न पहलुओं के बारे में जागरूक करना भी शामिल है। ये सेमिनार बच्चों को सशक्त बनाने और उन्हें भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी ने इस कार्यक्रम को और भी सफल बनाया है।' यह कार्यक्रम विभिन्न आयु वर्गों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तीन विशिष्ट सत्रों में विभाजित किया गया था।

### सेफ एंड अनसेफ टच : (कक्षा नर्सरी से 5वीं)

छोटे बच्चों के लिए आयोजित इस कार्यशाला में उन्हें 'अच्छे स्पर्श' और 'बुरे स्पर्श' के बीच अंतर को सरल और संवेदनशील तरीके से समझाया गया। विशेषज्ञ प्रशिक्षकों ने बच्चों को अपनी सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की और उन्हें किसी भी असहज स्थिति में सहायता मांगने के लिए प्रोत्साहित किया। यह सत्र बच्चों को अपनी शारीरिक स्वायत्तता के प्रति जागरूक करने पर केंद्रित था।

### टीन टॉक : (कक्षा 6 से 8)

किशोरावस्था एक परिवर्तनकारी दौर होता है और इस सत्र ने इसी पर ध्यान केंद्रित किया। 'टीन टॉक' सेमिनार में किशोरों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक बदलावों पर खुलकर चर्चा की गई। प्रशिक्षकों ने आत्मविश्वास, भावनात्मक संतुलन और स्वस्थ संबंधों को विकसित करने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया, जिससे छात्रों को इस महत्वपूर्ण आयु में आने वाली चुनौतियों का सामना करने में मदद मिल सके।

### डिजिलैंटे (कक्षा 9 से 12)

जैसे-जैसे डिजिटल दुनिया का विस्तार हो रहा है, साइबर सुरक्षा का महत्व बढ़ता जा रहा है। 'डिजिलैंटे' सेमिनार ने छात्रों को ऑनलाइन सुरक्षा, गोपनीयता, साइबर बुलिंग से बचाव और जिम्मेदार डिजिटल नागरिकता के बारे में गहन जानकारी प्रदान की। इस सत्र में सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, फिशिंग स्कैम से बचने और ऑनलाइन खतरों को पहचानने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डाला गया। अभिभावकों ने अपने बच्चों के साथ इन महत्वपूर्ण चर्चाओं में सक्रिय रूप से भाग लिया। सभी सत्रों का संचालन अनुभवी और विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा किया गया, जिन्होंने इंटरैक्टिव तरीकों और वास्तविक जीवन के उदाहरणों के माध्यम से विषयों को सरल और प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।

### प्रबंधन की प्रतिबद्धता और भविष्य की योजनाएं

संस्था के प्रबंधकगण ललित अग्रवाल (अध्यक्ष) और अतुल देशलहरा (सचिव) ने शिक्षा के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता को दोहराया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि स्कूल का लक्ष्य केवल छात्रों को शिक्षित करना नहीं है, बल्कि उन्हें जिम्मेदार, सुरक्षित और सशक्त नागरिक बनाना भी है। उन्होंने यह भी बताया कि छात्रों और उनके परिवारों को बदलते समय के साथ तालमेल बिठाने में मदद करने के लिए ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाते रहेंगे। यह दर्शाता है कि स्कूल समग्र विकास और सामाजिक जागरूकता को कितना महत्व देता है।

## अनमोल दावा

**श्रद्धा से ज्ञान, नम्रता से मान और योग्यता से स्थान मिलता है, यह तीनों मिल जाए तो व्यक्ति को हर जगह सम्मान मिलता है।**

## रिटायरमेंट का सवाल, मोहन भागवत बयान की क्यों हो रही इतनी चर्चा

यह तथ्य है कि अपने देश में परिवारवाद की राजनीति खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। इससे भी विचित्र यह है कि अब उसका बचाव किया जाने लगा है। वंशवादी राजनीति लोकतांत्रिक मूल्यों और मान्यताओं को पुष्ट करने का काम नहीं करती। अपने देश में 60 वर्ष से अधिक आयु के नेता भी युवा कहलाते हैं और राजनीति में युवाओं की वैसी भागीदारी नहीं जैसी होनी चाहिए।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत के इस बयान की खूब चर्चा हो रही है कि 75 साल का मतलब रिटायर हो जाना, लेकिन ये तो उनके शब्द हैं ही नहीं। वे तो आरएसएस के दिवंगत नेता मरणोपरांत पिंगले के जीवन पर आधारित एक पुस्तक का विमोचन करते हुए उनके एक वक्तव्य का उल्लेख कर रहे थे।

स्पष्ट है कि इसके आधार पर यह कहना ठीक नहीं होगा कि संघ प्रमुख प्रधानमंत्री मोदी को कोई राजनीतिक संदेश दे रहे थे। वैसे भी यदि मोदी 75 साल के होने वाले हैं तो खुद मोहन भागवत भी। संघ प्रमुख ने मरणोपरांत पिंगले का स्मरण करते हुए यह भी कहा कि जब आपको 75 साल का होने पर शाल ओढ़ाया जाए तो आपको रिटायर हो जाना चाहिए। मोहन भागवत की ओर से जो कुछ कहा गया, उससे यह स्पष्ट नहीं होता कि वे किसके रिटायर होने को रेखांकित करना चाह रहे थे-राजनीतिक लोगों के अथवा गैर-राजनीतिक लोगों के। यह पहली बार नहीं है जब राजनीति से रिटायर होने की उम्र को लेकर कोई चर्चा छिड़ी हो। ऐसा पहले भी होता रहा है।

अतीत में कई नेता 75-80 के बाद स्वेच्छा से राजनीति से रिटायर भी होते रहे हैं। ऐसे अनेक नेता या तो समाजसेवा में जुटे अथवा अध्ययन में। अब ऐसे नेता दुर्लभ ही हैं। ऐसे नेताओं के उदाहरण अधिक हैं जो रिटायर होने का नाम नहीं लेते। राजनीति अथवा जीवन के किसी अन्य क्षेत्र से रिटायर होने की कोई उम्र सीमा सुनिश्चित नहीं की जा सकती। यदि व्यक्ति विशेष सक्रिय है, लोगों की आकांक्षाओं को पूरा कर पा रहा है और उसकी लोकप्रियता भी बनी हुई है तो वह अपना काम करते रह सकता है।

राजनीति और अन्य क्षेत्रों में ऐसे लोग हैं भी, जो 75-80 के बाद भी अपना काम सही तरीके से कर रहे हैं। इसके साथ यह भी सही है कि कुछ नेता ऐसे भी हैं, जो राजनीति अथवा सत्ता का मोह छोड़ नहीं पाते। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि कई नेता राज्यपाल बने और फिर सक्रिय राजनीति में लौट आए।

इसी तरह कुछ नेताओं ने खुद की राजनीतिक सक्रियता कम करने के पहले परिवार के लोगों को आगे बढ़ाया। अपने देश में कई दल ऐसे हैं, जिनमें दूसरी-तीसरी पीढ़ी के बेटे-बेटियां, नाती-पोते आदि राजनीतिक रूप से सक्रिय और प्रभावी हो चुके हैं। ऐसा विकसित लोकतांत्रिक देशों में कम ही देखने को मिलता है।

यह तथ्य है कि अपने देश में परिवारवाद की राजनीति खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। इससे भी विचित्र यह है कि अब उसका बचाव किया जाने लगा है। वंशवादी राजनीति लोकतांत्रिक मूल्यों और मान्यताओं को पुष्ट करने का काम नहीं करती। अपने देश में 60 वर्ष से अधिक आयु के नेता भी युवा कहलाते हैं और राजनीति में युवाओं की वैसी भागीदारी नहीं, जैसी होनी चाहिए।

### शब्द सामर्थ्य -107

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भुत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

**ऊपर से नीचे**
2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | 4 | 5 | ■ | 6 | 7 |
| ■ | 8 | 9 | | | | ■ | ■ | |
| 10 | | | ■ | 11 | | 12 | 13 | ■ |
| 14 | | ■ | 15 | ■ | ■ | 16 | | 17 |
| | ■ | 18 | | 19 | 20 | ■ | 21 | |
| 22 | | | ■ | 23 | | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | | ■ | 24 | 25 | |
| 26 | | | | ■ | 27 | | | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | 28 | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 106 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| टे | ढा | मे | ढा | ■ | म | हा | र | त |
| क | ■ | ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | न |
| ■ | जा | न | की | ■ | क | म | नी | य |
| ■ | ■ | त | म | क | ना | ■ | ■ | ■ |
| म | ■ | ■ | त | ह | त | ■ | दा | ब |
| सी | मा | ■ | ■ | ला | ■ | स | न | द |
| हा | थ | म | ल | ना | ■ | वा | ■ | च |
| ■ | ■ | द | ■ | ■ | घा | ल | मे | ल |
| ■ | ब | द | ह | वा | स | ■ | ■ | न |

व्यंग्य

# सर्वव्यापी जीव भंडारा भक्षी



**विजय मिश्रा 'अमित'**

हमारे देश में श्रावण मास में धार्मिक कार्यक्रमों, पुराण-प्रवचनों के साथ साथ भंडारा आयोजनों की बाढ़ सी आ जाती है। इस दृष्टि से श्रावण माह को सर्वोत्तम भंडारा माह कहा जा सकता है। इस माह में बरसाती मेंढकों की भांति हर ओर भंडारा भक्षियों की जमात भी बड़ी संख्या में दृष्टिगोचर होती हैं। जैसे नरभक्षी पशुओं को अपनी क्षुधा शांत करने के लिए नरदेह की जरूरत होती है। वैसे ही भंडारा भक्षियों की क्षुधा शांति भंडारा भक्षण से ही होती है।

यद्यपि नरभक्षी पशुओं का अपना एक दायरा होता है। प्रायः उससे वे बाहर नहीं जाते हैं, किंतु भंडारा भक्षी सर्वव्यापी होते हैं। उनकी निगाह हरेक दिशा में दूर-दूर तक होती है। गिद्ध दृष्टि की तरह उनकी दृष्टि तेज होती है। भंडारा स्थल को उनकी सुक्ष्म दृष्टि सदैव ढूंढती रहती है। भंडारा भक्षियों की घ्राण शक्ति पुलिस स्वान की घ्राण शक्ति से भी तेज होती है। भंडारा स्थल पर पकते हुए खाद्यान्नों की खुशबू को वे झट से यूं भांप जाते हैं जैसे सर्पों की लपलपाती हुई जीभ दूर खड़े मनुष्य को भांप लेती है।

यत्र तत्र सर्वत्र गंदगी फैलाने के मामले में भंडारा भक्षियों की मास्टरी होती है। जूठन दोना-पत्तल को जहां मर्जी आए वहां निःसंकोच फेंकने में वे अग्रणी होते हैं। ऐसे भंडारा भक्षियों को देख-देख कर धरती को गंदगी मुक्त करने वाले प्राणी कौवे, कुत्ते, गिद्ध और चील भी शरमा जाते हैं। भंडारा का आयोजन श्रम, समय और अर्थ साध्य कार्य होता है। इसीलिए तथाकथित दयालु, समृद्धशाली अथवा चंदा उगाही में दक्ष बलशाली लोग ही इसको आयोजित कर पाते हैं।

भंडारा आयोजकों की दृष्टि में भंडारा भक्षी शायद ''संरक्षित प्राणी'' होते हैं। इसीलिए माईक में चिल्ला चिल्ला कर,बरात में दूल्हे के साथ आए बरातियों की तरह भंडारा भक्षियों का वे मनुहार करते हैं। उन्हें ऐसे पुचकारते हैं जैसे दूधारू गाय को ग्वाला पुचकारता है। भंडारा आयोजक भंडारा खिलाकर और भंडारा भक्षी भंडारा खाकर पुण्य कमाने की फिराक में होते हैं। इसीलिए भंडारा खाने और खिलाने वालों के चेहरे शरद पूर्णिमा की चांद की तरह खिले खिले होते हैं।

सामान्यतः भंडारा के बारे में कहा जाता है कि गरीब, दीनहीन, असहाय लोगों के लिए भंडारा का आयोजन किया जाता है, लेकिन यदि कोई समृद्ध धनाढ्य व्यक्ति भंडारे का भोजन पकवान खाता है तो वह बदले में कुछ ना कुछ रूपए पैसे दान पेटी में डाल देता है, किंतु भंडारा भक्षी लोग मौका देखकर चौका मारते हुए भंडारा में भरपेट खाते हैं और डकार लेते हुए कहते हैं-भंडारा खिलाने वालों का भंडार भरा रहे, ताकि हम जैसे भंडारा भक्षियों की व्यवस्था भी भरपूर होती रहे। भंडारा भक्षियों की प्रवृत्ति गधे की तरह होती है। बारिश के मौसम में गधे को पेट भरने के लिए हरी घास सहज उपलब्ध होती है फिर भी वह दुबला जाता है। इसके विपरीत गर्मी के मौसम में घास की कमी होने के बावजूद गधा मोटा हो जाता है। ऐसा कहा जाता है की बारिश के मौसम में घास खाते हुए आगे बढ़ता गधा जब जब पीछे मुड़कर देखता है तो उसे दूर-दूर तक हरी-हरी घास ही घास नजर आती है तब वह यह सोच सोच कर चिंतित हो जाता है कि मैंने तो अभी बहुत कम ही घास खाया है। इसी चिंता में वह दुबला हो जाता है, किन्तु वही गधा जब गर्मी में घास खाते-खाते पीछे पलटकर देखता है तो दूर-दूर तक उसे घास दिखाई नहीं देती। तब वह यह सोच सोच कर गदगद हो जाता है कि मैंने खूब सारा घास खा लिया है। इसी खुशी में वह मोटू होते चला जाता है। भंडारा भक्षियों की अतृप्त प्रवृत्ति उन्हें तृप्ति से कोसों दूर रखती है।

**पूर्व महाप्रबंधक (जन) अग्रोहा सोसायटी, पोआ- सुंदर नगर रायपुर (छ.ग.) 492013, मो .9893123310**

# भाषाई विवादः संवैधानिक प्रश्न या राजनैतिक हथियार

**रत्ना श्रीवास्तव**

भारत विविधताओं का देश है, धर्म, जाति, संस्कृति और विशेषकर भाषा के क्षेत्र में इसकी विशिष्ट पहचान है। संविधान के अनुसार, भारत एक बहुभाषी राष्ट्र है, जहाँ 22 भाषाओं को सविधान की अनुसूची सूची में शामिल किया गया है और सैकड़ों बोलियों प्रचलन में हैं, परंतु समय-समय पर भाषा को लेकर उपजने वाले विवाद यह प्रश्न खड़ा करते हैं कि ये विवाद संविधान से उपजे हैं या किसी राजनीतिक उद्देश्य से प्रेरित है?

### भाषा के विषय में संवैधानिक प्रावधान क्या है?

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 343 से 351 तक भाषा संबंधी विस्तृत प्रावधान किए गए हैं। अनुच्छेद 343 में स्पष्ट किया गया है कि संघ की राजभाषा हिंदी तथा लिपि देवनागरी होगी, लेकिन साथ ही अंग्रेजी के प्रयोग को भी एक निश्चित समय तक अनुमति दी गई। इसके अलावा राज्य अपनी-अपनी क्षेत्रीय भाषाओं को राजभाषा के रूप में अपनाने के लिए स्वतंत्र हैं। यहीं अनुच्छेद 350 और 351 में अल्पसंख्यक भाषाओं की सुरक्षा और प्रचार-प्रसार की भी व्यवस्था की गई है। इसके बावजूद कई बार केंद्र और राज्यों के बीच भाषा को लेकर टकराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।

देखा जाए तो हाल के वर्षों में महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु और असम जैसे राज्यों में भाषा को लेकर हुए आंदोलनों और बयानों ने यह संकेत दिया है कि भाषा केवल संवेदनशील सांस्कृतिक विषय ही नहीं, बल्कि राजनीति का शाक्तिशाली औजार भी बन चुकी है। महाराष्ट्र में मराठी भाषा के वर्चस्व को लेकर गैर-मराठी लोगों के विरूद्ध आदोलन, तमिलनाडु में हिंदी थोपने का विरोध, असम में बंगाली भाषा को लेकर असतोष, ये सब घटनाएं संकेत करती हैं कि राजनीति किस तरह भाषा को पहचान की लड़ाई में बदल देती है।

सुप्रीम कोर्ट और विभिन्न उच्च न्यायालयों ने कई बार स्पष्ट किया है कि कोई भी भाषा राष्ट्र या राज्य की पहचान का अपमान नहीं कर सकती और सरकारों को भाषाई अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा करनी चाहिए। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में मातृभाषा को बढ़ावा देना संविधान की भावना के अनुरूप है परंतु किसी एक भाषा को जबरन थोपना उचित नहीं है।

भाषाएं संवाद का माध्यम हैं, उन्हें विवाद का हथियार बनाने का परिणाम कभी सकारात्मक नहीं हो सकते। फिलहाल महाराष्ट्र में हो रहे भाषाई विवाद के पीछे राजनीतिक कारण ही समझ आते हैं। भाषा का विवाद तब तक संवैधानिक बहस का विषय रहता है जब तक वह संविधान की सीमाओं और जनहित तक सीमित हो। लेकिन जब भाषा को राजनीतिक स्वार्थ, वोट बैंक या क्षेत्रीय प्रभुत्व के हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जाता है, तब वह विवाद खतरनाक दिशा में बढ़ जाता है।

भारत की शक्ति उसकी ''एकता में विविधता में है। भाषाओं को विभाजन का कारण नहीं बल्कि संवाद और संस्कृति का सेतु बनाया जाना चाहिए। यह तभी संभव है जब भाषा पर संवैधानिक दृष्टिकोण के साथ-साथ राजनैतिक परिपक्वता भी अपनाई जाए।

रिसर्च स्कॉलर (लॉ)

## विचार सरिता

# लघु उपन्यास यशस्विनी अध्याय-8 'संसार में रहकर करो साधना'

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



''यार गोपी, अभी कौन पटाखे चलाता है। अभी तो शाम ही हुई है। जब रात होगी ना, तो पटाखे चलाने में मजा आएगा।''

''मेरे पास बहुत बड़ा दनाका बम है।'' गोपी ने कहा।

''मेरी माँ भी राकेट लेकर आ रही है। देखना ऊपर बहुत दूर तक जाएगा वह रॉकेट। सीधे चंदा मामा को छूकर आएगा।'' यह उत्तर सुनकर गोपी खिलखिला कर हँस पड़ा और दोनों मित्र दूसरी बातें करने लगे थे।

गणेश को भूख भी लग रही थी। माँ अभी तक नहीं पहुंची थी। वह माँ के निर्देश के अनुसार घर में ही था और अब मां की प्रतीक्षा करते दरवाजे पर आकर बैठ गया था। गणेश ने थोड़ी और देर होते देख कर रंगोली के साथ ही खरीदी गई लक्ष्मी जी, गणेश जी व सरस्वती जी की फोटो को कमरे के पूजा वाले स्थान पर चिपह्यका दिया था।

रात लगभग 7:30 बजे के आसपास घर के दरवाजे पर एक कार उतरी। मुस्कुराते हुए एक युवती कार के बाहर आई। उसने कहा- ''शुभ संध्या गणेश, मैं यशस्विनी हूं। तुम्हारी मम्मी की सहेली।''

गणेश आश्चर्य से भर उठा। हाथ जोड़कर उसने नमस्ते किया। पहले तो वह आंटी के साथ कार में बैठना नहीं चाहता था, क्योंकि माँ ने समझाया था कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ कहीं मत जाना। इस पर यशस्विनी ने माँ से फोन पर बात कराई- बेटा, आंटी के साथ चले आओ। हम दीवाली यहीं मनाएंगे तो थोड़े भय और आश्चर्य के मिले जुले भाव के साथ गणेश कार में बैठ गया।

गाड़ी शहर के जिला अस्पताल में रुकी।गणेश रुआंसा हो गया। उसने आंटी से पूछा-मेरी माँ कहां है? आप मुझे अस्पताल क्यों लाई हैं?

कोई उत्तर न देते हुए यशस्विनी गणेश का हाथ पकड़ कर मुस्कुराते हुए उसे भीतर ली गई। एक कमरे में सावित्री बेड पर लेटी हुई थी। उसके पैर में प्लास्टर लगा था। माँ को इस हालत में देखकर गणेश फूट-फूट कर रोने लगा और दौड़कर उससे लिपट गया। आज काम के समय सावित्री ऊंचाई से नीचे गिर गई थी और दाहिने पैर की हड्डी टूट जाने के कारण प्लास्टर लगा हुआ था।

माँ ने अपने सिरहाने पर रखा हुआ एक पैकेट गणेश के हाथ में दिया। गणेश के सिर पर मुस्कुराते हुए उसने हाथ फेरा और कहा- देखो गणेश? क्या है इसमें?

गणेश का मन भारी था लेकिन माँ की इच्छा का सम्मान करते हुए उसने पैकेट खोल कर देखा तो उसके चेहरे पर मुस्कुराहट आ गई। उसमें ढेर सारे पटाखे थे और सबसे ऊपर था, उसका पसंदीदा रॉकेट।

यशस्विनी ने कहा-''गणेश आज हम तीनों दीवाली यहीं मनाएंगे। फिर आप दो दिनों बाद अपनी माँ के साथ घर चले जाओगे ज.आओ आप और हम मिलकर रॉकेट चलाते हैं।''

बच्चे अपनी पसंदीदा चीज पाकर बड़ी से बड़ी पीड़ा भूल जाते हैं। यशस्विनी गणेश का हाथ पकड़कर अस्पताल के मुख्य द्वार से उसे बाहर ले गई। वहां एक खुली जगह थी, जहां दोनों ने मिलकर रॉकेट चलाने की तैयारी की और जब रॉकेट आसमान की ऊंचाई पर गया तो गणेश ने मुड़कर अस्पताल के कमरे की ओर देखकर खुशी से हाथ हिलाया। सावित्री खिड़की के पास आकर हाथ हिला नहीं सकती थी। उसने दूर से ही बेटे की धुंधली आकृति को देख कर मन में गहरे संतोष का अनुभव किया और बेड के पास लगे लाइट की स्विच को तीन चार बार चालू व बंद कर गणेश को यह सूचना दे दी कि मैं तुम्हें पटाखे चलाते हुए देख रही हूँ।घर से बाहर की दुनिया में सावित्री ने अंग्रेजी के कुछ शब्द सीख लिए थे।उसके होंठ बुदबुदाए- हैप्पी दीवाली गणेश।''

आज की घटनाओं को याद कर यशस्विनी की आंखों में आंसू आ गए और उसने अपनी अंतरात्मा के भीतरी परतों में एक गहरे संतोष भाव का अनुभव किया।

आज 12 जनवरी है। स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिन को पूरे देश के लोग युवा दिवस के रुप में मनाते हैं और इस अवसर पर सूर्य नमस्कार का सामूहिक अभ्यास भी आयोजित होता है। श्री कृष्ण प्रेमालय द्वारा संचालित स्कूल में यशस्विनी को विशेष रूप से योग का प्रशिक्षण देने के लिए आमंत्रित किया गया है।श्री कृष्ण प्रेमालय स्कूल से यशस्विनी को विशेष लगाव है, क्योंकि स्वयं उसकी सारी शिक्षा- दीक्षा यहीं संपन्न हुई है।थोड़ा बड़ा होने पर महेश बाबा ने व्यक्तिगत रूप से उसे गोद लेने की इच्छा प्रकट की थी। वास्तव में महेश बाबा ने जिस उद्देश्य को लेकर इस संस्थान की स्थापना की थी, उसमें वह अपने प्रेम को व्यक्तिगत रूप से खंडित नहीं करना चाहते थे; इसलिए उन्होंने स्वयं किसी बच्चे को गोद नहीं लिया था।महेश बाबा शुरू से आध्यात्मिक प्रवृत्ति के थे। अव्वल तो वे सब कुछ छोड़कर हिमालय जाकर तपस्या करना चाहते थे, लेकिन उनके गुरु ने समझाया था- संसार छोड़कर कहां जाना चाहते हो वत्स?

गुरु और शिष्य में कुछ देर तक संवाद भी हुआ था।

''गुरुदेव मैं आत्मिक उन्नति के लिए साधना करना चाहता हूं। यह साधना संसार में होते हुए असंभव है।''

''यह तुमने कैसे मान लिया वत्स कि साधना के लिए घर द्वार छोड़ना होगा और किसी गुफा कंदरा में बैठकर ध्यान में लीन होना होगा?''

''इसलिए गुरुदेव कि संसार एक बंधन है। यहां मोह माया है।यहां रिश्ते की चिंता है।लोग आजीविका के लिए अनेक कर्म करते हैं और कभी-कभी सही गलत रास्ता भी अपनाते हैं।''

''तो सब लोग तुम्हारी तरह संसार के बंधनों को छोड़ देना चाहेंगे तो यह संसार चलेगा कैसे? योगियों तपस्वियों को भी तो अन्न की आवश्यकता होती है और यह उगाते हैं किसान, जो अधिकतर गृहस्थ हैं।''

''समझ गया गुरुदेव।'' यह उत्तर देते हुए युवा महेश ने तपस्या के लिए गुरु के मार्गदर्शन में हिमालय जाने का इरादा बदल दिया।

इसके बाद महेश ने श्री कृष्ण प्रेमालय नामक सामाजिक संस्था की स्थापना की और इसे मुख्य रूप से अनाथ बच्चों के पालन पोषण और संरक्षण पर केंद्रित किया। अकेले महेश से अनाथालय के बच्चों की मातृतुल्य देखरेख संभव नहीं थी इसलिए उन्होंने विवाह का निश्चय किया लेकिन अपनी भावी पत्नी माया के सामने यह शर्त रखी कि हमारे बच्चे नहीं होंगे और अनाथालय के बच्चे ही हमारी संतान होंगे। महेश की यह शर्त सुनकर माया के माता-पिता पहले तो थोड़ा झिझके लेकिन व्यापक दृष्टि से सोचने पर महेश के कार्य को ईश्वर की ही सेवा मानने और माया के भी आध्यात्मिक प्रवृत्ति का होने के कारण उन्होंने इसके लिए सहमति दे दी और इस तरह दोनों का विवाह हो गया।

## सामयिक चर्चा

### गुट का जन्मदाता अहंकार

**अखबार पढ़कर**
**बानी बोले - ''सुनिए गजाधर!**
**आज बँटने की खबर -**
**पेड़ कटाई पर बँट गई**
**कांग्रेस की राजनीति**
**पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल**
**और वर्तमान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष**
**बैज गुट में खींचतान**
**जिसकी शिकायत जब पहुंची हाईकमान।**
**तब राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे ने कहा-**
**''हमें गुट में नहीं बंटना है'**
**सबको मिलकर काम करना हैं।''**
**इस पर मुझे यह देखकर**
**आश्चर्य होता है गजाधर!**
**एक तो अलग-अलग पार्टी हैं**
**फिर एक पार्टी में अलग-अलग गुट हैं।**
**तो एक पार्टी में भी गुट?**
**इसका कारण क्या है यार!''**
**गजाधर मुस्कराए, बोले-''बानी!**
**इसका कारण है एक**
**और वह हैं नेताओं द्वारा पोषित,**
**अपना-अपना अहंकार।''**



**गिरीश बख्शी**

## (कविता)

### कामदेव के बाण

भौंहें तेरी तीर-कमान है
आँखों में कामदेव के बाण है ॥
तक-तक लगता छाती में,
निकलती नहीं पर जान है।।
सांसों में बहता मलयागिरी
ईश्वर की अनुपम रचना हो
तुमसे होती गुलजार जिंदगी
अभ्यर्थना हो, वंदना हो,
तुमसे ही सारा जहान है।
हंसी में सरिता सी कलकल
जिस डगर चलो, आ जाए बहार,
बिंदिया में जादू सा सम्मोहन
मन में ला देती भूचाल।
डोल जाता अच्छों का इमान है।।
लचकती कमर मतवाली चाल
नैनों में बसी जो भाव है ॥

मन में बसी जिसकी भी तू
मिल गया जीवन के ठांव है
वाणी में सोमरस नशा पान है
बिन श्रृंगार के ही अनिंद्य सुन्दरी
होंठों पर खिलते
गुलाब है।
तुम्हारे पायल की छुन-छुन पुकार
जग जाता समूचा एतराब है
झूम जाए हर एक मतवाला
वो परी, वो नूर जहान है।।



मानसिंह 'मौलिक'
राजनांदगांव

### सू- दोकू क्र.107


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।


**सू-दोकू क्र.106 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |


## राशिफल



**मेष**
आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपको करियर से संबंधित अनुभवी व्यक्तियों से मार्गदर्शन मिलेगा तथा स्टूडेंट अपनी पढ़ाई के प्रति सजग रहेंगे। आज आपके घर पर मेहमानों का आगमन होगा। आज आप महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह मशवरा कर लें, तो उचित होगा।




**वृष राशि**
आज का दिन आपके जीवन में नई खुशियां लेकर आया है। आज अनुभवी लोगों से मिली बेहतरीन राय आपके लिए लाभदायक रहेगी। आप किसी भी काम को करने से पहले उसके पहलुओं पर विचार विमर्श करेंगे तो इससे आपके तरक्की के नए मार्ग प्रशस्त होंगे। आज अच्छे क्लाइंट मिल सकते हैं, जिससे उनके बिजनेस में लाभ होगा।



**मिथुन**
आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आपको सरकारी कामों में अनुभवी व्यक्तियों से राय मिलेगी, जिससे आपका काम आसान हो जायेगा। नौकरी कर रहे लोग अपने काम को गंभीरता और ईमानदारी से करेंगे। आज नौकरी में आपकी तरक्की के योग बन रहे हैं। आज क्लाइंट के साथ आपके रिश्ते मजबूत बनेंगें, जो आपके व्यापार के लिए लाभदायक रहेगा।



**कर्क**
आज पूरे दिन भाग्य आपके साथ रहेगा। आज आप माता ङ्क पिता के लिए भी कुछ समय जरूर निकालेंगे। उनका आशीर्वाद व सलाह आपके लिए भाग्योदय का कारक बनेगा। आज आप बच्चों को डांटने के बजाय उन्हें समझने और समझाँने की कोशिश करें सब ठीक होगा। कार्यस्थल पर गतिविधियां आज सुचारू रूप से चलती रहेंगी।




**सिंह**
आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। आज आपको अच्छी खबर मिलने के योग हैं यह खुशी आपके घर में बेटे के करियर को लेकर हो सकती है। आज आपको लाभदायक और रोचक जानकारी मिलने से आपका कॉन्फिडेंस बढ़ेगा। आपका आत्मविश्वास मजबूत होगा और आप पूरी ऊर्जा के साथ दिन बिताएंगे।




**कन्या**
आज का दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज आप सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेंगे। आज कारोबारी मामलों में सुधार होगा। आज आप जीवनसाथी की भावनाओं को समझेंगे जिससे रिश्तों में नज़दीकियां बढ़ेगी। लवमेट को मुलाकात के अवसर मिल सकते हैं, जिससे आपका दिन अच्छे से बीतेगा।




**तुला**
आज आपके लिए दिन पॉजिटिव रहने वाला है। आज आपका पारिवारिक मामला किसी बड़े बुजुर्ग की सहायता से सुलझ जायेगा, परिवार में फिर से खुशियां आ जाएंगी। आज अपनी दिनचर्या के कार्यों के अतिरिक्त आप अन्य कार्यों में भी समय बिताएंगे। किसी सामाजिक गतिविधियों में आपकी उपस्थिति और विचार सराहनीय रहेंगे।




**वृश्चिक**
आज आपको किसी अपने के माध्यम से अच्छी खबर मिलने के योग बन रहे है। आज आप अपने घरेलू कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। आज दिन भर सकारात्मक और अनुशासित दृष्टिकोण आपको खुश रखेगा। विद्यार्थियों को इंटरव्यू या करियर से संबंधित क्षेत्र में सफलता मिलने की पूरी संभावना है।




**धनु**
आज आपका दिन खास रहने वाला है। आज आपको व्यापार में बढ़िया धन लाभ होगा, इसके साथ ही कठिन से कठिन काम को पूरे निश्चय के साथ पूरा करेंगे। पार्टनरशिप में व्यवस्था को लेकर कुछ जरुरी फैसले हो सकते है। आज किसी प्रोजेक्ट को लेकर कोई ऑफिशियल यात्रा संभव है। आज जीवनसाथी के साथ आप मॉल घूमने जायेंगें।



**मकर**
आज का दिन आपके लिए सफलता प्राप्त करने में सहायक रहेगा। आज ऑफिस में आप किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करेंगे जिसमें आपको सफलता प्राप्त होगी। आज आपको कुछ खास लोगों से मुलाकात करने का अवसर मिलेगा और रुका हुआ काम भी व्यवस्थित होगा। आज आप दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप करने से बचें।



**कुंभ**
आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। बिजनेस के लिए दिन अच्छा है, आज रियल स्टेट में बढ़िया डील फाइनल हो सकती है। आज ऑफिस के कार्यभार की अधिकता की वजह से आपको थकान महसूस हो सकती है। घर का वातावरण मधुर और खुशनुमा बना रहेगा। आज आप जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करेंगे।



**मीन**
आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपका मित्र आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है जिसे आप निराश नहीं करेंगे। किसी बड़े प्रॉजेक्ट को पूरा करने में अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। आज आपको पिछले कुछ समय से अपने करियर और निजी जीवन संबंधी किए गए प्रयासों का फल मिलने का समय है।

# अंबेडकर प्रवेश द्वार पर कीचड़ फेंकने पर बौद्ध समाज का चक्काजाम, 3 दिन में कार्रवाई न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी






डोंगरगढ़ (दावा)। । संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के छाया चित्र पर अज्ञात तत्वों द्वारा कीचड़ फेंककर अपमानित करने की घटना से बौद्ध समाज में भारी आक्रोश है। इस घटना की सभी समाजों के सामाजिकजनों ने कड़े शब्दों में निंदा की है। जानकारी होते ही सामाजिकजनों ने असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर अंबेडकर प्रवेश द्वार के गेट के सामने चक्काजाम कर दिया। पुलिस प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाला और सामाजिकजनों को आश्वासन दिया कि शीघ्र ही आरोपियों को पकड़ा जाएगा।

### देर रात की घटना से आक्रोश

शुक्रवार 11 जुलाई की देर रात धर्मनगरी डोंगरगढ़ के शहर स्थित बधिया टोला वार्ड में बने अंबेडकर प्रवेश द्वार पर लगे डॉ. भीमराव अंबेडकर के छाया चित्र को असामाजिक तत्वों ने कीचड़ से गंदा कर दिया था। यह प्रवेश द्वार वर्षों पूर्व पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा लगाया गया है। ऐसा ही प्रवेश द्वार नगर के प्रमुख मार्गों पर सभी दिशाओं में लगाए गए हैं, जिनमें हर द्वार का नाम दिया गया है। उनमें से एक द्वार डोंगरगढ़ से बधियाटोला होते हुए मुरमुंदा-राजनांदगांव मार्ग पर स्थित है, जिसका नाम डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम पर रखा गया है। सामाजिकजनों ने बताया कि इस द्वार पर डॉ. अंबेडकर जी का नाम पहले से अंकित था। गेट के द्वार पर अंबेडकर जी का छाया चित्र 11 जुलाई 2025 की शाम को प्रशासनिक अमले द्वारा लगाया गया था। उसी रात अंबेडकर जी के छाया चित्र को असामाजिक तत्वों द्वारा कीचड़ से गंदा कर देने से बौद्ध समाज की आस्था को ठेस पहुँची, जिसके विरोध में बौद्ध समाज द्वारा लगभग दो घंटे तक चक्काजाम जैसी स्थिति निर्मित की गई। इस दौरान अंबेडकर जी के अनुयायियों में काफी आक्रोश भी देखा गया।

**तीन दिन में कार्रवाई नहीं हुई तो उग्र आंदोलन करेगा बौद्ध समाज - डॉ. नंदेश्वर अध्यक्ष**

### पुलिस का त्वरित आश्वासन और कार्रवाई

पुलिस को घटना की जानकारी होते ही मौके पर एसडीओपी आशीष कुंजाम दल-बल के साथ पहुँचकर मामले को शांत किया। उन्होंने बौद्ध समाज के लोगों को उचित जाँच कर त्वरित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया, जिसके बाद ही मामला शांत हुआ। पुलिस ने जल्द ही आरोपी को पकड़ने की बात कही और त्वरित एक्शन लेते हुए दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया व सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगालना शुरू कर दिया, ताकि आरोपी का पता किया जा सके।

### उग्र आंदोलन की चेतावनी और सफाई कार्य

समाज के अध्यक्ष डॉ. मुन्नालाल नंदेश्वर ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्यवाही नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। वहीं, नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने तत्काल नगर पालिका के कर्मचारियों को बुलाकर गंदगी साफ करवाई। अंबेडकर के अनुयायियों ने प्रशासन को साफ हिदायत देते हुए कहा है कि जिस किसी ने भी यह हरकत की है, उसे अगर पकड़कर 3 दिनों के अंदर कार्यवाही नहीं की जाती है तो बौद्ध समाज द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर बौद्ध समाज के उपासक, उपासिकाएँ सहित अंबेडकर के अनुयायी भारी संख्या में मौजूद रहे।

# सभी लोकल ट्रेनें फिर से दौड़ेंगी पटरी पर : दैनिक रेल यात्रियों ने सांसद संतोष पांडे का जताया आभार



डोंगरगढ़ (दावा)। कोरोना काल के दौरान बंद की गई सभी लोकल ट्रेनें अब जल्द ही पटरी पर दौड़ती नजर आएंगी। इस घोषणा से दैनिक रेल यात्रियों और शहरवासियों ने सांसद संतोष पांडे के प्रति आभार व्यक्त किया है। सांसद प्रतिनिधि तरुण हथेल ने इस अवसर पर विरोधियों पर निशाना साधते हुए कहा कि वे सांसद संतोष पांडे के जनहित के कार्यों से घबराए हुए हैं। उन्होंने बताया कि कोरोना काल से बंद पड़ी लोकल एक्सप्रेस ट्रेनों के जल्द ही चालू होने की आधिकारिक पुष्टि हो चुकी है। हथेल ने कहा कि सांसद संतोष पांडे द्वारा बड़ी रेलवे के विस्तारीकरण योजना, प्रसाद योजना, और अमृत स्टेशन जैसी योजनाएं डोंगरगढ़ की धार्मिक नगरी की तस्वीर ही नहीं, बल्कि डोंगरगढ़ की जनता की तकदीर भी बदल देंगी।

### जनहित कार्यों से घबराया विपक्ष - तरुण हथेल

तरुण हथेल ने आगे कहा कि उन्हें यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि सांसद संतोष पांडे अपने क्षेत्र की जन समस्याओं के साथ-साथ पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश की जन समस्याओं को लोकसभा के पटल पर मुखर होकर रखते हैं, जो लोकसभा के रिकॉर्ड में दर्ज हैं। उन्होंने यह भी कहा कि संगठनात्मक दृष्टिकोण से भी वे हर छोटे, वरिष्ठ और सामान्य कार्यकर्ता से संवाद रखते हैं, जिसका परिणाम है। हाल के लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के दिग्गज नेता भूपेश बघेल को जिस प्रकार से लोकसभा चुनाव में पटखनी दी गई, उससे साबित होता है कि हमारे नेता सांसद संतोष पांडे पार्टी के साथ-साथ जनता के भी नेता हैं। वे लोकसभा में विरोधियों की बोलती बंद कर देते हैं।

### जनता की मांग हुई पूरी

तरुण हथेल ने कहा कि जनता की लगातार मांग थी कि रेलवे प्रशासन कोरोना के समय से बंद पड़ी ट्रेनों को फिर से चालू करे। उन्होंने बताया कि सांसद संतोष पांडे द्वारा छत्तीसगढ़ सरकार और केंद्र सरकार के माध्यम से क्षेत्र के लिए कई बड़ी जनहित की योजनाएं चलाई जा रही हैं। अब जो ट्रेनें आम जनता के लिए बहाल की जा रही हैं, उसके लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, सांसद संतोष पांडे, और रेल प्रशासन का शहरवासियों ने आभार जताया है।

## पहला कॉलम...

### शहीद वी.के. चौबे के नाम पर वृक्षारोपण



छुरिया (दावा)। जिले के छुरिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत जोशीलमती में पुलिस अधीक्षक शहीद वी.के. चौबे और मदनवाड़ा-कोरकोट्टी नक्सली मुठभेड़ में शहीद हुए 28 अन्य पुलिस जवानों की याद में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने एक पेड़ शहीद के नाम पर लगाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर जनपद सदस्य डॉ. ओमप्रकाश चंद्रवंशी, सरपंच श्रीमती गोमती बाई साहू, उपसरपंच चित्रांगन साहू, पंच खुमान साहू, मदन निषाद, बसंती बाई, गीता साहू, खोमलता साहू, मेनका साहू, शारदा चंद्रवंशी, राम साहू सहित समाजसेवी डॉ. गोविंद साहू, रोजगार सचिव देवकुमार निषाद, धरम पोर्ते (चिरचारी कला), हेमंत चंद्रवंशी, जागेश्वर साहू और जोशीलमती के ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### डोंगरगांव के गुंगेरी नवागांव में शिक्षकों को श्रीफल और शॉल भेंट कर मनाई गई गुरु पूर्णिमा



डोंगरगांव (दावा)। ग्राम गुंगेरी नवागांव में गुरु पूर्णिमा का पर्व आज बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शिक्षकों को श्रीफल और शॉल भेंटकर सम्मानित किया गया। जिन शिक्षकों को सम्मानित किया गया उनमें जी.एल. डहरे, माधव साहू, श्रीमती दीपिका साहू और अंजु देवांगन शामिल हैं। इस दौरान गांव में युवा समिति द्वारा जस झाँकी प्रतियोगिता का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिपं सदस्य जागृति चुन्नी यदु उपस्थित थी। जबकि अध्यक्षता विवेक मण्डवी ने की। विशेष अतिथियों में सरपंच भेलेन्द्र नेताम, उपसरपंच छन्नू पटेल, ग्राम प्रमुख पन्ना यादव, डॉ. खेमूदास, गया यादव, हेमंत साहू, मोहन साहू, और विक्की यादव उपस्थित रहे।

### हायर सेकेंडरी विद्यालय तिलईरवार में गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व धूमधाम से मनाया गया



तिलईरवार (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार में गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व आज बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य अशीम कुमार यदु और समस्त स्टाफ सदस्यों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने गुरुजनों के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करते हुए विभिन्न कविता, गीत और भाषण प्रस्तुत किए। कु. आरती, कु. रीना, कु. देवकी, कु. संध्या, कु. वैष्णवी, कु. तेजस्विनी, पीयूष कुमार और कुनाल दास बंजारे ने अपनी प्रस्तुतियां दी। जबकि कु. वैशाली और कु. देवकी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की।

कार्यक्रम प्रभारी और व्याख्याता थंगेश्वर कुमार साहू ने गुरु के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 'गुरु हमें अज्ञान के अंधकार से बाहर निकालकर ज्ञान का प्रकाश देते हैं, वे हमें सही आदर्शों का पालन करना सिखाते हैं।' श्रीमती अनुराधा ढोक ने बताया कि 'गुरु के मार्गदर्शन से हम अपने जीवन में बड़े से बड़े लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।' श्रीमती सरोज भुआर्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि 'भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान अत्यंत उच्च और पूजनीय माना गया है।' नोहर दास लिलहारे सर ने जोर दिया कि 'गुरु का सम्मान करना और उनकी बातों का पालन करना हर शिष्य का कर्तव्य है।'

प्राचार्य अशीम कुमार यदु ने गुरु के आध्यात्मिक महत्व को बताते हुए कहा कि 'गुरु ईश्वर द्वारा प्रकाशित प्रमुख व्यक्तित्व हैं, जो ज्ञान और दिव्यता के स्रोत की तरह कार्य करते हैं।' इस भव्य और पावन अवसर पर संस्था के प्राचार्य श्री अशीम कुमार यदु, श्रीमती अनुराधा ढोक, श्रीमती रेखा मुरकुटे, श्रीमती सरोज भुआर्य, थंगेश्वर कुमार साहू, जानकी वल्लभ तंबोली, राजेश कुमार नेताम, जितेंद्र कुमार कश्यप, नोहर दास लिलहारे, पालक राम वर्मा, हरिचंद यादव, और आशीष मसीह सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता थंगेश्वर कुमार साहू द्वारा किया गया और यह कार्यक्रम प्राचार्य के कुशल मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# खाद की मांग को लेकर कृषि विस्तार अधिकारी को सौंपा ज्ञापन : किसानों ने जताई नाराजगी



छुरिया (दावा)। इस वर्ष सेवा सहकारी समितियों में खाद की भारी कमी से क्षेत्र के किसान बेहद परेशान हैं। किसानों ने अपनी यह समस्या पूर्व विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुप्ता को बताई, जिसके बाद उन्होंने एक्शन लिया। राजीव गुप्ता ने क्षेत्र के किसानों और युवा कांग्रेसियों के साथ मिलकर स्थानीय कृषि विस्तार अधिकारी को एक लिखित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सेवा सहकारी समितियों में सभी प्रकार के खाद, विशेषकर डीएपी, यूरिया और कंपोस्ट की जल्द से जल्द पर्याप्त आपूर्ति की मांग की गई है।

### सरकार का रवैया पूर्णतः किसान विरोधी - राजीव गुप्ता

युवा कांग्रेस खुज्जी विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने बताया कि छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है और यहां के मूल निवासी कृषक हैं, जिनका जीवन खेती-किसानी पर ही निर्भर है। उन्होंने कहा कि 'हर वर्ष समय से पूर्व खाद उपलब्ध हो जाता था, लेकिन इस वर्ष यह देखने को मिल रहा है कि कृषि कार्य प्रारंभ हो चुका है, धान की बुवाई हो चुकी है और रोपा लगाने का काम भी शुरू हो गया है, लेकिन अभी तक सोसायटी में पर्याप्त मात्रा में डीएपी, यूरिया, कंपोस्ट सहित विभिन्न खाद उपलब्ध नहीं हैं।' इससे किसानों में राज्य सरकार के प्रति भारी नाराजगी देखी जा रही है।

कांग्रेस नेता राजीव गुप्ता ने आरोप लगाया कि जिस प्रकार से सरकार का रवैया है वह पूर्णतः किसान विरोधी है। अभी तक सोसायटी में खाद उपलब्ध नहीं हो पाना इस बात को दर्शाता है कि सरकार किसानों के प्रति संवेदनशील नहीं है। उन्होंने यह भी दावा किया कि निजी दुकानों में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है और प्रदेश में खाद की कालाबाजारी चल रही है। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि 'प्रदेश के भाजपा नेता व्यापारी हैं, जो सरकार से मिलीभगत करके कालाबाजारी कर खाद की कमी में आपदा में अवसर ढूंढ रहे हैं और रुपये कमाने में लगे हुए हैं।

### उपस्थित जन और मांगें

ज्ञापन सौंपते समय जनपद सदस्य प्रकाश मोटघरे (किरगाहाटोला), अनिल बाघमारे (गोपालपुर), रामगुलाल पुर्रामटोला, विनोद मंडावी (नांदियाखुर्द), चेतेश्वर पुजेरी (पुर्रामटोला), हेमंत यादव (बिसाहूटोला), तुलेश्वर निषाद (बागनदी), डोमेश्वर कंवर (बागनदी) सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान भाई एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी ने जल्द से जल्द खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग रखी।

# डोंगरगांव के आसरा स्कूल में गुरु पूर्णिमा और अन्य कार्यक्रम हुए संपन्न



डोंगरगांव (दावा)। शासकीय प्राथमिक शाला व पूर्व माध्यमिक शाला आसरा में आज बड़े हर्षोल्लास के साथ गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल में सम्मान विदाई समारोह और जन्मदिन पर 'नेवता भोजन' का भी आयोजन किया गया।

गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर माँ शारदे की पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षिका विश्वकांता ठाकरे ने की। इस मौके पर सरपंच शरद वैष्णव, संकुल प्राचार्य रोहित तारम, समन्वयक डीलेश्वर शांडिल्य, प्रधानपाठक रेवती रमन वैष्णव, शंकरलाल साहू, खोमेश्वर साहू, चरणदास साहू, शबनम खान, शशि मंडावी, एसएमसी अध्यक्ष टेकराम विश्वकर्मा और ग्रामीणजन तथा सभी छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर शिक्षक शंकरलाल साहू और चरणदास साहू के जन्मदिन पर प्राथमिक शाला आसरा में नेवता भोजन का आयोजन किया गया, जहाँ बच्चों ने खीर-पूरी का आनंद लिया।

# बिजनापुर में ग्रामीण मंडल द्वारा मनाई गई डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती



डोंगरगढ़/ढारा (दावा)। भाजपा प्रदेश और जिला निर्देशानुसार, भाजपा ग्रामीण मंडल डोंगरगढ़ द्वारा आज डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती को संगोष्ठी के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता जिला भाजपा के पूर्व कोषाध्यक्ष सुनील जैन थे। उनके साथ जिला उपाध्यक्ष व मंडल के प्रभारी सुरेंद्र सिंह बनौआना, जनपद उपाध्यक्ष हीरा राम वर्मा, जिला सहसंयोजक जैन कुमार मेश्राम, पूर्व मंडल अध्यक्ष भाई तेजलाल वर्मा, कार्यक्रम के मंडल प्रभारी कन्हैया वर्मा, और मंडल के पूर्व महामंत्री लखन जंघेल मंच पर उपस्थित थे।

### मुखर्जी जी के जीवन और कार्यों का स्मरण

कार्यक्रम का शुभारंभ 'भारत माता की जय' के जयकारे के साथ किया गया। सर्वप्रथम डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर गुलाल लगाकर और पुष्पहार चढ़ाकर पूजा-अर्चना की गई। मंच पर विराजमान अतिथियों ने क्रमबद्ध तरीके से डॉ. मुखर्जी का जीवन परिचय दिया। उन्होंने देश के प्रति उनके कृतज्ञ योगदान और भारतीय जनसंघ जमाने की उनकी कार्यशैली को विस्तारपूर्वक और सारगर्भित शब्दों में संबोधित किया। भाजपा के पितृ पुरुष डॉ. मुखर्जी को याद करते हुए सभी वक्ताओं ने अपने-अपने उद्बोधन में उनकी जीवन गाथा को बताने का प्रयास किया। कार्यक्रम का सफल संचालन महामंत्री रवि यादव द्वारा किया गया।

### कार्यकर्ताओं की उपस्थिति

इस आयोजन में प्रमुख रूप से मंडल के महामंत्री धर्मचंद वर्मा, मंडल मंत्री श्रीमती वृंदा वर्मा, मंडल मंत्री मनोज वर्मा, कोषाध्यक्ष नामदेव साहू, सतीश वर्मा, हेमकुमार साहू, एत्रिक वर्मा, मुरली गेडाम, हितेश्वर वर्मा, कृष्णा मुरारी वर्मा, गिरधारी वर्मा, मोती जंघेल, लखन देशलहरे, माणिक वर्मा, लीलाधर वर्मा, पुणेंद्र साहू, ढाल सिंह, श्यामलाल कंवर, मीडिया प्रभारी राघवेंद्र वर्मा, केजू लाल वर्मा, गंगाराम वर्मा, कार्तिक वर्मा, गेंदु वर्मा, हेमलाल वर्मा, श्रीमती वेद कुंवर वर्मा, महादेव वर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मानपुर में बरसात से पुलिया फिर जर्जर, सड़क संपर्क टूटा, ग्रामीणों में आक्रोश



मोहला (दावा)। मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी विकासखंड अंतर्गत कई स्थानों पर सड़कें और पुलियाएं बरसात की पहली बौछार में ही जर्जर अवस्था में पहुँच गई हैं। कहीं पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे ग्रामीणों का संपर्क बाधित हो गया, तो कहीं सड़क खराब हो गई है। घटिया निर्माण और निम्न गुणवत्ता वाली सामग्री के उपयोग से क्षेत्रवासियों में जिला प्रशासन के प्रति गहरा रोष है।

**प्रशासन की थूकपॉलिश व्यवस्था पर उठे सवाल**

### 'थूकपॉलिश' व्यवस्था पर उठे सवाल

ग्रामीणों का कहना है कि हर साल बरसात से पहले प्रशासन पुलियाओं पर महज 'थूकपॉलिश' करता है। थोड़ी-बहुत मरम्मत कर खानापूर्ति की जाती है, लेकिन जैसे ही तेज बारिश होती है, पुलियाएँ टूट जाती हैं। यह सिलसिला वर्षों से चल रहा है, लेकिन अब तक स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। कई स्थानों पर सड़क की पुलिया लागत राशि के अनुसार नहीं बनी है, और कहीं पर निम्न स्तर की सामग्री का उपयोग कर निर्माण किया गया है, जिससे सड़कें टूट गई हैं और गड्ढे हो गए हैं। इससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है, और स्कूली बच्चों व मरीजों को दिक्कतें आ रही हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इन पुलियाओं से होकर न सिर्फ रोजमर्रा के यातायात की जरूरतें पूरी होती हैं, बल्कि स्कूली बच्चों, मरीजों और किसानों का भी रोज़ आना-जाना होता है। पुलिया और सड़कें जर्जर होने से लोगों को वैकल्पिक रास्ते से होकर लंबा चक्कर लगाना पड़ रहा है।

### प्रशासन कब जागेगा?

स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने प्रशासन से सवाल किया है कि आखिर कब तक यह लापरवाही और अस्थायी मरम्मत व लीपापोती का खेल चलता रहेगा? क्या किसी बड़े हादसे के बाद ही प्रशासन चेतेगा?

### स्थानीय ग्रामीणों की मांग

ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि पुलिया और सड़क का स्थायी व गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य तत्काल किया जाए, ताकि भविष्य में जान-माल की क्षति न हो और लोगों को असुविधा से मुक्ति मिल सके।

# श्रेष्ठ कार्य को चयन का अवसर मिलता है - नीरज बाजपेयी



डोंगरगांव (दावा)। नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था नीरज विद्या मंदिर (मोहड़) में छात्रसंघ पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह संस्था पदाधिकारी एवं अंचल के शिक्षाविद् इंजी. नीरज बाजपेयी के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधन समिति के पदाधिकारी श्रीमती सोनल बाजपेयी, इंजी. दिलीप तिवारी, रितेश शर्मा, समीर पोद्दार, सुश्री कुंतल बाजपेयी, एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती पुष्पा बाजपेयी, प्राचार्या सुश्री अंजुम जहान एवं प्रशासक जी.राम सिन्हा विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के तैलचित्र के समक्ष दीप-प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण से हुआ।

**छात्रसंघ पदाधिकारी हुए मनोनीत**

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सुमधुर सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी। एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती बाजपेयी ने कहा कि नेतृत्वकर्ता को यह नही भूलना चाहिए कि उस पर औरों की निगाहे हैं। इस बात को समझते हुए नेतृत्वकर्ता को अधिक सजग होकर अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। ध्यान रहे यही बात उसे औरो से पृथक पहचान देती है। अपने स्वागत भाषण में प्राचार्या सुश्री जहान ने कहा कि नेतृत्व क्षमता हासिल करने के लिए व्यवहार एवं अनुशासन दोनों ही बातें जरूरी होती हैं। इस क्षमता का विकास करके ही कोई नेतृत्वकर्ता बन सकता है। बोर्ड ऑफ डायरेक्टर एवं युवा चिंतक इंजी. नीरज बाजपेयी ने अपने धाराप्रवाह उद्बोधन में कहा कि आपका श्रेष्ठ कार्य ही आपको चयन का अवसर प्रदान करती है। स्वयं की प्रतिभा को पहचानकर श्रम करते हुए हम बेहतर मकाम हासिल कर सकते हैं। नेतृत्व का गुण व्यक्ति को औरों से पृथक करता है। छात्रसंघ पदाधिकारी के रूप में हेड गर्ल अवनी पाण्डे, हेडब्वॉय हिमांशु जैन, अस्टिंट हेडब्वॉय संयोग दीक्षित, अस्टिंट हेडगर्ल उपासना निर्मलकर, अनुशासन-प्रियम बैस, तान्या साहू, सांस्कृतिक सचिव -ईशिका अग्रवाल, मयंक बंजारे, श्रेया रॉय, खेल प्रभारी हर्ष ठक्कर, रूचि साहू, इको क्लब प्रभारी- आदित्य अग्रवाल, भाव्या सिन्हा मनोनीत हुई। पूरब जैन, राजस्वी मानकर ब्लू (उन्नति) हाउस में, शौर्य अग्रवाल, ईशा उइके रेड (विजय) हाऊस में, मोनिश ठाकुर, साँची जैन यलो (लक्ष्य) हाउस में, पार्थ बैस, युक्ता साहू ग्रीन (निर्माण) हाउस में बतौर हाउस कैप्टन मनोनीत हुई हैं।

इसी तरह अंग्रेजी लिटरेरी हेड पूर्वी बोरकर एवं हिन्दी लिटरेरी हेड डेजी मेश्राम बनी। मनोनीत छात्र संघ पदाधिकारियों को मुख्य अतिथि, एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर, प्राचार्या एवं वरिष्ठ शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सैश व बैज लगाकर सम्मानित किया। इन्हें कर्तव्य एवं अनुशासन की शपथ प्राचार्या द्वारा दिलाई गई। संगीत शिक्षक डोमेश्वर सिन्हा एवं शुभम शेण्डे के नेतृत्व में संस्था के विद्यार्थियों ने एनव्हीएम गीत की शानदार प्रस्तुति दी। समारोह का समापन राष्ट्रगान से हुआ। आभार प्रदर्शन सुरवी लॉरेंस ने किया। कार्यक्रम में शैक्षणिक स्टॉफ एवं विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम का प्रसंगानुरूप संचालन शिक्षिका शिप्रा श्रीवास्तव, चंदन द्विवेदी एवं डॉ.लोकेश शर्मा ने किया। यह जानकारी एक विज्ञप्ति में खेल शिक्षक एल.आर.कदम ने दी।

# एमएसएमई आइडिया हैकाथॉन 5.0 : नवाचार से आत्मनिर्भरता की ओर एक कदम

खैरागढ़ (दावा)। भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा 'एमएसएमई इनोवेटिव योजना' के तहत एमएसएमई आइडिया हैकाथॉन 5.0 का आयोजन किया जा रहा है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य तकनीकी और व्यावसायिक नवाचारों को बढ़ावा देना और उन्हें सफल व्यावसायिक इकाइयों के रूप में विकसित करना है।

इस हैकाथॉन में चयनित नवाचार विचारों को अधिकतम 15 लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। इसका लक्ष्य इन विचारों को धरातल पर उतारकर आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक ठोस कदम बढ़ाना है। योजना में भाग लेने के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 14 जुलाई 2025 निर्धारित की गई है। इच्छुक आवेदक https://my-msme.gov.in/inc पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के सभी एमएसएमई उद्यमी, स्टार्टअप्स, नवाचार केंद्र, इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक संस्थान, आईटीआई और अन्य संभावित आवेदकों से आग्रह है कि वे इस योजना की विस्तृत जानकारी के लिए उक्त पोर्टल का अवलोकन करें और समय पर आवेदन करें।

# नि:शुल्क नवोदय/प्रयास कोचिंग गंडई में कक्षा पांचवी के विद्यार्थियों के लिए प्री-टेस्ट का आयोजन



गंडई (दावा)। विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के मार्गदर्शन तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी रमेन्द्र डड़सेना, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी जी.एस. सुधाकर, बीआरसी डी.के. शर्मा और नवोदय-प्रयास प्रभारी पितांबर सिंह राजपूत के सहयोग से, गंडई नगर और आसपास के शिक्षकों ने एक अनुकरणीय पहल की है। उन्होंने नि:शुल्क नवोदय, सैनिक विद्यालय प्रवेश, एकलव्य, जवाहर उत्कर्ष विद्यालय और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कक्षा पांचवी के बच्चों हेतु कोचिंग की व्यवस्था की है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य प्रतिभावान बच्चों को उचित मार्गदर्शन प्रदान कर उत्कृष्ट विद्यालयों में उनका चयन सुनिश्चित करना है।

इस कोचिंग के लिए प्रधानपाठिका श्रीमती यांत्री पड़वार, कौशल सिंह राजपूत, भागचंद साहू, उज्वल नामदेव, दीपक मिश्रा, पूर्णेश वैष्णव, पूर्णेश्वर देवांगन, महेश वर्मा और खेमलाल जंघेल ने एक विस्तृत योजना बनाई है। इसके तहत आसपास की शालाओं में कक्षा 5वीं और 8वीं में अध्ययनरत बच्चों का कोचिंग हेतु चयन किया जा रहा है।

इसी क्रम में आज दिनांक 12 जुलाई शनिवार को शासकीय नवीन पूर्व माध्यमिक शाला गंडई में कक्षा पांचवी के विद्यार्थियों के लिए एक प्री-टेस्ट का आयोजन किया गया। इस टेस्ट में कुल 300 बच्चों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 285 बच्चे शामिल हुए। टेस्ट के परिणाम एक सप्ताह के भीतर जारी किए जाएंगे, जिसमें से प्रावीण्य सूची के आधार पर 70 बच्चों का चयन कोचिंग हेतु किया जाएगा। इन चयनित बच्चों को प्रतिदिन सुबह 2 घंटे और शनिवार-रविवार को 4-4 घंटे कोचिंग प्रदान की जाएगी। नवोदय परीक्षा हेतु ली जा रही पूर्व ज्ञान आकलन की जानकारी मिलने पर नगर पंचायत गंडई अध्यक्ष टारकेश्वर शाह खुसरो भी अपनी टीम के साथ परीक्षा स्थल पर पहुंचे। उन्होंने शिक्षकों की इस सराहनीय पहल की खूब तारीफ करते हुए बच्चों को भी प्रोत्साहित किया। श्री खुसरो ने कहा कि ऐसी पहल से प्रतिभावान बच्चे आगे आते हैं, जिससे नगर और समाज दोनों के विकास को बहुत गति मिलती है। आज के इस प्री-टेस्ट में महत्वपूर्ण सहयोगी के रूप में संयोजक संकुल समन्वयक गंडई कौशल राजपूत, उपसंयोजक राजेश श्रीवास्तव (संकुल समन्वयक कंटगी), मुकेश कश्यप (संकुल समन्वयक लिमो), योगेन्द्र कश्यप (संकुल समन्वयक टाबा), तथा शिक्षकगण भागचंद साहू, पूर्णेश वैष्णव, दीपक मिश्रा, महेश कुमार वर्मा, पुनेश्वर देवांगन, गांधीराम साहू, शेख कलीम, लोमश पटेल, लालाराम मेरावी, चैतराम वर्मा, खेमलाल जंघेल, मायाराम राठौर, टोपकुमार जंघेल, श्रीमती सीता साहू, टार्जन नेताम और शिव श्रीवास्तव, भिखेन्द्र जंघेल का सराहनीय योगदान रहा।

**० बच्चों एवं पालकों में जबरदस्त उत्साह**
**० शिक्षकों ने स्वस्फूर्त से किये अनुकरणीय पहल**

# जिपं अध्यक्ष किरण वैष्णव ने जर्जर सड़क के कार्यो को जल्द से जल्द मरम्मत कर पूर्ण करने अधिकारियों को किया निर्देशित




जिला पंचायत की साधारण सभा की बैठक आयोजित

राजनांदगांव (दावा)। जिला पंचायत की साधारण सभा की बैठक 11 जुलाई को जिला पंचायत राजनांदगांव के सभाकक्ष में आयोजित की गई।बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। साधारण सभा की बैठक में वन विभाग, कृषि विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, लोक निर्माण विभाग, सहकारिता विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्व विभाग सहित अन्य विषय अध्यक्ष की अनुमति से की गई।

राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविंद्र वैष्णव की अध्यक्षता में बैठक हुई। अध्यक्ष किरण रविंद्र वैष्णव की अध्यक्षता में न्यू बायो कंपनी फुलझर (टेड़ेसरा) का मुद्दा साधारण सभा सदन में उठाया गया। जिस पर जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव ने कहा कि जल संसाधन विभाग एवं पर्यावरण विभाग राजस्व व स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में जांच की जाएगी।

बैठक में जिला पंचायत सदस्य अनीता मंडावी ने बोरतलाव से डोंगरगढ़ रोड पर पुल निर्माण कार्य (पांच वर्ष हो गया) की बात को साधारण सभा में रखी जो विगत 5 वर्षो से बंद है बजरंगीडीह से बागरेकसा मार्ग जिस पर जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविंद्र वैष्णव ने जल्द ही नए टेंडर का कार्य जल्द से जल्द करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

इसी तरह से जिला पंचायत सदस्य ने मकरनपुर से सुकुलदैहान रोड जर्जर, कोकपुर से तेंदूनाला का कार्य, उपरवाह से गोपालपुर रोड जर्जर, मरकाकसा से जोब मार्ग टेंडर। जिला पंचायत सदस्यों ने स्कूल भवन जर्जर एवं शौचालय की स्थिति पर भी चर्चा की गई और शिक्षा विभाग द्वारा 2024-25 में निर्माण कार्यो की जानकारी सदन में रखी गई। जिसमें अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य प्रगति पर है। स्कूलों में शौचालय मरम्मत कार्य को ज्यादा महत्वपूर्ण कार्य बनाकर कार्य करने की आवश्यकता है, शौचालय की साफ सफाई एवं नियमित देखरेख बेहद जरूरी है। जिला पंचायत की साधारण सभा की बैठक में मुख्य रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविंद्र वैष्णव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) सुश्री सुरुचि सिंह, जिला पंचायत सभापति जागृति चुन्नी यदु, बिरम रामकुमार मंडावी, अनीता मंडावी, किरण विनोद बारले, देवकुमारी साहू, शीला टाकेश सिन्हा, गोपाल सिंह भूआर्य, प्रशांत कोड़ापे, अंगेश्वर देशमुख, महेंद्र यादव, विभा साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिमा पप्पू चंद्राकर सहित अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# दिग्विजय कालेज में एससी की सीटें छोड़कर सभी सीटें भरी



**शेष सीटों के लिए काउंसिलिंग होगी या निकाली जाएगी चौथी सूची**

राजनांदगांव (दावा)। दैनिक 'दावा' ने अपने 8 जुलाई के अंक में प्रमुखता से समाचार का प्रकाशन किया था कि जिले के सभी सरकारी कालेजों में सभी सीटें नहीं भरने की स्थिति में तीसरे के बाएं चौथी सूची भी जाकर सकते हैं। यही स्थिति आन भी पड़ी है। हालांकि विद्यार्थियों की सबसे पहली पसंद वाली कालेज दिग्विजय महाविद्यालय में एससी को छोड़ दें तो लगभग सभी सीटें भरी जा चुकी है। बायो के लिए तो अभी भी प्रवेश के लिए विद्यार्थी कालेज का चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन सीटें फूल? होने के चलते विद्यार्थियों को विषय बदल कर या फिर काउंसलिंग के लिए आगामी दिनों होने वाले मिटिंग का इंतजार करने के लिए कहा जा रहा है। बायो में प्रवेश के लिए 65 अंक से अधिक पाने वाले छात्र भटक रहे हैं।

बताते चलें कि शहर सहित जिले के महाविद्यालयों में विभिन्न संकायों में प्रवेश के लिए जारी भर्ती प्रक्रिया के तहत सीटें भरी जा रही है। दिग्विजय कालेज में तीसरी व अंतिम सूची जारी होने से पहले तक सभी कालेजों में 50 से 60 फीसदी सीटें खाली रही। दिग्विजय कालेज के रजिस्ट्रार दीपक परगनिहा की मानें तो कालेज में अब सिर्फ एस टी की छोड़ दें तो लगभग सभी सीटें भरी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि एस? सी की कुछ ही सीटें खाली है।

### काउंसलिंग या फिर चौथी सूची होगी जारी

बताया गया है कि उक्त खाली सीटों को भरने के लिए कालेज की प्राचार्या के साथ प्रबंधन की मिटिंग होगी जिसमें तय किया जाएगा कि रिक्त सीटों के लिए विद्यार्थियों की काउंसलिंग कराई जाए या फिर चौथी सूची जारी की जाए। श्री परगनिहा ने बताया कि इस संबंध में 16 जुलाई तक तय कर लिया जाएगा कि छात्रों के लिए काउंसलिंग करानी है या फिर एस सी के उक्त रिक्त सीटे भरने के लिए चौथी सूची निकाली जाए।

बताते चलें कि जिले के सभी 10 सरकारी महाविद्यालयो में प्रथम वर्ष के विभिन्न संकायों में करीब 5650 सीटों पर एडमिशन दिया जाएगा। कालेज प्रबंधन ने पहले और दूसरी में जिन विद्यार्थियों का नाम आया था उन्हें एडमिशन लेने के लिए 8 जुलाई तक का समय दिया गया था। उक्त एडमिशन के लिए विद्यार्थियों को आनलाइन फार्म जमा करने के दौरान जिले के सभी कालेजों में एडमिशन लेने का विकल्प चुनने का मौका दिया गया है। इसलिए कालेजों में सीटों के मुकाबले आवेदन ज्यादा आए हैं। लेकिन एडमिशन लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या अभी भी कम देखी गई।इसकी वजह कट आफ को भी माना जा रहा है। इस साल पहली कट आफ सूची में 76 फीसदी रहा, वहीं दूसरी सूची में 65 तक रहा, वही 9 जुलाई को तीसरी सूची जारी होने के बाद इसमें थोड़ी बहुत ही गिरावट आई है। एससी का यहां 55.6 प्रतिशत रहा है। इसमें से कुछ ही प्रतिशत ही यहां बांकी रह गए हैं। संभावना व्यक्त की जा रही है कि इसके लिए काउंसलिंग कर के या चौथी सूची जारी कर के भर ली जाएगी।

# पेंशनर्स संघ की बैठक कल

राजनांदगांव (दावा)। पेंशनर्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ प्रदेश जिला राजनांदगांव का जुलाई माह के द्वितीय सोमवार दिनांक 14 जुलाई को समय 12:00 से मासिक बैठक आयोजित की जाएगी। संगठन में गतिशीलता एवं त्वरित सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहना संगठन का उद्देश्य है। बैठक दिनांक को मां सरस्वती की पूजा अर्चना के पश्चात कार्रवाई प्रारंभ होगी। जिसमें जिला स्तरीय चुनाव के संबंध में मतदाता सूची अध्यतन की जाएगी। सभी तहसील अध्यक्ष उपस्थित रहेंगे। प्रांत अध्यक्ष यशवंत देवान के पक्षपात पूर्ण रवैया पर संगठन में चर्चा की जाएगी। नए सदस्य जो संगठन की सदस्यता ग्रहण किए हैं, उन्हें प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया जाएगा।

# छत्तीसगढ़ में सुशासन नहीं कुशासन - विक्की पटेल



राजनांदगांव (दावा)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विक्की पटेल ने प्रदेश में बढ़ते अपराध पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ राज्य में भाजपा की सरकार बने लगभग डेढ़ साल बीत गए इन डेढ़ सालो में विकास तो कही नजर नहीं आता पर अपराध चारों ओर नजर आता है। साय सरकार सुशासन का ढोल पीट रही पर छत्तीसगढ़ में अपराध चरम पर है। हत्या, बलात्कार, नशाखोरी, अवैध शराब की बिक्री सरेआम हो रही है।

ऐसे वातावरण से छत्तीसगढ़ की जनता अपने आप को असुरक्षित महूसस कर भूपेश बघेल के कार्यकाल को याद करने लगी, जहाँ शांति और सद्भाव का वातावरण था। भूपेश बघेल कम से कम संस्कृति को और छत्तीसगढ़ की अस्मिता को बचा कर रखे थे और छत्तीसगढ़ छत्तीसगढ़िया त्योहार और परम्परा को निभा भी रहे थे कि, राखी क्या होता है, तीज त्योहार क्या होता है?

उन्होंने कहा कि आज आम जनता के साथ सरकारी कर्मचारी भी इस सरकार के रवैये से नाराज हैं। शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, हॉस्पिटल विभाग आदि सभी के कर्मचारियों में साय सरकार के खिलाफ आक्रोश उत्पन्न हो रहा है। सरकार द्वारा 4000 स्कूलों को बंद कर दिया और शराब भट्ठी खोलने का काम जोरों पर किया जा रहा है जो इनके कुशासन की कहानी कह रहा है। पटेल ने कहा कि सरकार की मंशा ही यही है कि यहाँ की जनता अनपढ़ रहे और नशे में चूर रहकर अपराध को बढ़ावा दे। जनता अब पछता रही व अपने आपको ठगा सा महसूस कर रही है। स्कूलों को बंद कर हजारों बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाली व अपराध को बढ़ावा देने वाली सरकार को अगले चुनाव में सत्ता से उखाड़कर ही दम लेगी।

# किसानों को दी गई समसामयिक सलाह

**खरीफ में धान फसल में खरपतवारों का उचित प्रबंधन खरपतवारों को नियंत्रित करने के उपाय**

राजनांदगांव (दावा)। खरीफ फसलों की बोनी के साथ ही किसानों के लिये अनावश्यक रूप से खेतों में उगने वाले खरपतवार एक बहुत बड़ी समस्या बन जाती है। अच्छे गुणवत्ता के बीज एवं आदान सामग्रियों के उपयोग करने के बाद भी खरपतवारों से निपटना बहुत कठिन होता है। खरपतवार फसल के बीज उगने से लेकर फसल कटाई तक हर अवस्था में फसलों को प्रभावित करते है तथा नमी, पोषक तत्व व स्थान आदि के लिए फसलों के साथ प्रतिस्पर्धा करके फसलों की वृद्धि एवं गुणवत्ता में कमी करते है। इसके अतिरिक्त खरपतवार फसलों को प्रभावित करने वाले कीट एवं रोग व्याधियों के जीवाणु को भी शरण देते है, जिससे कृषकों को विपरीत परिस्थितियों भारी आर्थिक नुकसान की संभावना बढ़ जाती है। खरपतवार फसलों की उपज में 10 से लेकर 85 प्रतिशत तक की कम कर सकते है।

खरपतवार विभिन्न प्रकार के होते है, परन्तु सकरी एवं चौड़ी पत्ती वाले खरपतवार बहुतायत में खरीफ में उगते है। जैसे धान के खेतों में जंगली सांवा, सवई घास, जंगली कोदो, दूब घास आदि घास वर्गीय प्रमुख खरपतवार है तथा कनकौवा, कांटेदार चौलाई, पत्थरचट्टा, भंगरैया, महकुआ आदि चौड़ी पत्ती वाले खरपतवार है। साथ ही खरीफ के दलहनी एवं तिलहनी फसलों में महकुंआ, हजारदाना, दूधी, सांवा, कनकौवा, सफेद मुर्ग तथा मोथा विशेष रूप से फसलों को प्रभावित करते है। फसलों के विभिन्न क्रांतिक अवस्थाओं में कृषकों को समझदारी के साथ खरपतवारों के नियंत्रण के लिये प्रयास करने चाहिए। धान की सीधी बुवाई वाले खेतों में 15 व 45 दिन बाद रोपा धान में 20 व 40 दिन बाद तथा खरीफ दलहनी फसलों में 15 व 20 दिन तथा तिलहनी फसलों में बुआई के 30 व 45 दिन में फसलों की महत्वपूर्ण क्रांतिक अवस्था में खेतों को खरपतवार रहित रखना चाहिए। इन खरपतवारों की रोकथाम के लिये बुआई के पूर्व ही यांत्रिक विधियों से नियंत्रण कार्य किया जाना चाहिए, जैसे-स्टीलसीड बैड तकनीक, मृदा सूर्यीकरण तकनीक, मल्चिंग पॉलीथिन, यांत्रिक विधि के तहत पहिये पर आधारित कृषि यंत्र, कोनोवीडर, हाथ से निंदाई, जैविक के तहत मल्चिंग, पुआल आदि माध्यम से किया जा सकता है। परन्तु खरपतवारों की अधिकता होने पर रासायनिक खरपतवार नाशी का उपयोग विशेषज्ञों की सलाह के अनुसार किया जा सकता है।

### इस प्रकार करें खरपतवारनाशी दवाओं का उपयोग

धान के फसलों में खरपतवारों के नियंत्रण के लिये अंकुरण के पूर्व घास कुल एवं चौड़ी पत्ती वाली खरतपवार के लिये पेण्डीमेथॉलीन 1 किलो ग्राम हेक्टेयर सभी प्रकार के खरपतवार के लिये पेण्डीमेथॉलीन + पाइराजोसल्फ्यूरान 900+20 ग्राम हेक्टेयर या प्रेटीलाक्लोर+ पाइराजोसल्फ्यूरान 600+15 ग्राम हेक्टेयर का प्रयोग करने की सलाह दी जाती है। इसी तरह अंकुरण पश्चात 18-20 दिन बाद सभी प्रकार के खरपतवार के लिये बिसपायरीबैक सोडियम 25 ग्राम हेक्टेयर या एजिमसल्फ्यूरान 35 ग्राम प्रति हेक्टेयर या पैनाक्सूलाम + सायहेलोफॉप 120 ग्राम हेक्टेयर से उपयोग किया जा सकता है। इसके साथ घास वाली खरपतवार के लिये फेनाक्सायप्रॉप सेफनार 60 ग्राम हेक्टेयर या सायहेलोफॉप 75 से 80 ग्राम हेक्टेयर का इस्तेमाल किसान भाई कर सकते है।

### खरपतवारों को नियंत्रित करने के लिए अन्य उपाय

धान के खेतों में रोपाई के 20 दिन बाद तथा 40 दिन बाद हाथ या खुरपी की सहायता से खरपतवारों को निकाल देने से काफी नियंत्रण होता है। साथ ही शक्ति चलित या हस्त चलित कृषि यंत्रों जैसे-पैडी विडर या कोनो विडर का उपयोग कर भी खरपतवार नियंत्रित किये जा सकते है।

### खरपतवार नाशी का उपयोग करते समय सावधानियां

खरपतवार नाशी छिड़काव हेतु नैकशैक स्प्रेयर के साथ फ्लैटफेन नोजल का प्रयोग करें, किसी भी फसल में खरपतवार नाशी प्रयोग करते समय खेत में नमी होना चाहिए तथा खरपतवारनाशियों का छिड़काव शाम के समय या हवा अधिक तेज न होने की स्थिति में ही करे। शरीर को सुरक्षित रखने के लिये विशेष पोषाक पहन कर रसायन का छिड़काव करना चाहिए।

# जिले में पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज का भंडारण



**जिले में 32409.1 मीट्रिक टन रासायनिक खाद का भंडारण, किसानों को 28945.7 मीट्रिक टन रासायनिक खाद का वितरण**
**० जिले में 10742.60 क्विंटल बीज का भंडारण, किसानों को 9935.90 क्विंटल बीज का किया गया वितरण**

राजनांदगांव (दावा)। जिले के किसान खेती-किसानी के कार्य में जुटे हुए है। किसान सहकारी समितियों में खाद-बीज लेने के लिए प्रतिदिन पहुंच रहे है। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने किसानों के लिए खाद-बीज की सतत आपूर्ति के निर्देश दिए हैं। जिले में किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज का भंडारण उपलब्ध है। कलेक्टर ने किसानों को समय पर खाद-बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा है कि सभी समितियों में खाद-बीज की निरंतर आपूर्ति होती रहे इसके लिए सभी संबंधित अधिकारी प्राथमिकता से कार्य करेंगे।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव प्रभात मिश्रा ने बताया कि जिले में खरीफ 2025 अंतर्गत 32409.1 मीट्रिक टन रासायनिक खाद का भंडारण किया गया है, जो कुल भंडारण का 62.90 प्रतिशत है। अब तक किसानों को 28945.7 मीट्रिक टन रासायनिक खाद का वितरण किया जा चुका है। जिसमें यूरिया 9518 मीट्रिक टन, सुपर फास्ट 4941 मीट्रिक टन, डीएपी 2936.4 मीट्रिक टन, एनपीके 8959.2 मीट्रिक टन, पोटाश 2591.3 मीट्रिक टन है। किसानों को 3463.4 मीट्रिक टन रासायनिक खाद का वितरण किया जाना शेष है। जिसमें यूरिया 273 मीट्रिक टन, सुपर फास्ट 1459.4 मीट्रिक टन, डीएपी 392.8 मीट्रिक टन, एनपीके 478 मीट्रिक टन, पोटाश 860.1 मीट्रिक टन है। इसी तरह जिले में 10742.60 क्विंटल बीज का भंडारण किया गया है और किसानों को 9935.90 क्विंटल बीज का वितरण किया गया है एवं 806.70 क्विंटल बीज का वितरण शेष है।

इसके तहत जिले में 10719 क्विंटल धान का भंडारण किया गया है और किसानों को 9923.18 क्विंटल धान का वितरण किया गया है एवं 795.82 क्विंटल धान का वितरण शेष है।

# प्रथम पृष्ठ का शेष....

**अहमदाबाद प्लेन हादसा: AAIB की प्रारंभिक जांच....**

उड़ान से पहले लागू किया गया था। एसोसिएशन ने कहा ने कहा कि जांच का लहजा और दिशा पायलट की गलती की ओर झुकाव का संकेत देती है। हम इस धारणा को साफ तौर पर खारिज करते हैं और निष्पक्ष, तथ्य-आधारित जांच पर जोर देते हैं। एसोसिएशन ने कहा कि हम पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए जांच प्रक्रिया में कम से कम पर्यवेक्षकों के रूप में शामिल किए जाने के अपने अनुरोध को दोहराते हैं। जांचकर्ताओं ने ये भी बताया है कि अमेरिका के फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन यानी एफएए ने 2018 के सेफ्टी बुलेटिन में ऐसे एयरक्राफ्ट के फ्यूल कंट्रोल स्विच के लॉकिंग मैकेनिज्म में संभावित समस्याओं के बारे में चेतावनी दी थी। अब इस बात की जांच की जा रही है कि ये स्विच कटऑफ मोड में कैसे आ गए और इसके पीछे कोई मैकेनिकल फॉल्ट, अनजाने में हुई मानवीय भूल या सिस्टम में हुई कोई दूसरी खराबी तो नहीं थी। न्यूज एजेंसी पीटीआई से अनुभवी पायलट ने कहा है कि स्विच के कटऑफ और रन मोड के बीच एक इलेक्ट्रॉनिक गेट होता है। इसी कारण स्विच को खींचकर उसे रन से कटऑफ या कटऑफ से रन मोड पर लाना होता है। ये एक सेफ्टी फीचर है। मानवीय भूल की स्थिति पर यकीन इसलिए भी नहीं हो पाता, क्योंकि दोनों पायलट काफी अनुभवी थे और उन्हें क्रमशः 15638 और 3403 उड़ान घंटों का एक्सपीरिएंस था। विशेषज्ञों की मानें, तो पायलट के अनजाने में स्विच बंद करने की बात असंभव है। अमेरिकी सुरक्षा विशेषज्ञ जॉन नैन्स ने कहा कि कोई भी समझदार पायलट उड़ान के दौरान फ्यूल स्विच को कभी बंद नहीं करेगा। विशेष तौर पर क्लाइंब फेज में। एएआईबी की जांच रिपोर्ट में रैम एयर टर्बाइन का भी जिक्र किया गया है।

**छोड़ आए लाल गलियारा....**

एक करोड़ का इनामी नक्सली सुधाकर और कई राज्यों में एक करोड़ से ज्यादा का इनामी भास्कर भी शामिल है। केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने ट्वीट कर लिखा कि-हाल ही में नक्सलवाद के विरुद्ध चलाए गए अभियानों में अहम भूमिका निभाने वाले अधिकारियों से भेंट कर इन ऑपरेशंस की ऐतिहासिक सफलता पर उन्हें बधाई दी। इन अभियानों को अपनी बहादुरी से सफल बनाने वाले जवानों से भी मिलने के लिए उत्सुक हूँ और जल्द ही छत्तीसगढ़ आकर उनसे भेंट करूँगा। मोदी सरकार नक्सलवाद के दंश से भारत को मुक्त करने के लिए संकल्पित है।

**कुर्सी ढूंढ़ना मुश्किल, मौका मिलते....**

संबोधित करते हुए कहा कि मैं देख रहा हूं कि यहां बहुत सारी कुर्सियां खाली पड़ी हैं, इसके बावजूद कई वकील खड़े हैं। जबकि हम सभी एक कुर्सी खोजने के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। यहां बहुत सी कुर्सियां हैं, आकर बैठ जाइए। कुर्सी ढूंढ़ना मुश्किल है। जब मौका मिले तो आपको आकर इस पर बैठ जाना चाहिए। उसे खाली नहीं छोड़ना चाहिए। शिवकुमार ने आगे कहा कि आप लोगों को देख कर लगता है कि आप त्यागी(बलिदानी) हैं। इस दौरान डीके शिवकुमार ने बार एसोसिएशन को समर्थन देने के लिए कई योजनाओं की भी घोषणा की इसमें केम्पेगौड़ा के नाम पर 10 एकड़ भूमि का आवंटन, वित्तीय अनुदान और वार्षिक पुरस्कार शामिल हैं। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन के विकास के लिए ग्रेटर बैंगलोर अथॉरिटी (जीबीए) से 5 करोड़ रुपये, केम्पेगौड़ा जयंती समारोह के लिए सालाना 5 लाख रुपये दिए जाएंगे और हर साल दो वकीलों को केम्पेगौड़ा पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

**ईडी का गांधी परिवार पर गंभीर.....**

केस करार दिया और कहा कि यंग इंडियन लिमिटेड के माध्यम से आपराधिक आय अर्जित करने की योजना रची गई। एएसजी राजू ने कहा कि यंग इंडियन ने नेशनल हेराल्ड अखबार को दोबारा प्रकाशित करने का कोई इरादा नहीं दिखाया, जिससे यह साफ होता है कि उनका उद्देश्य पत्रकारिता नहीं, बल्कि संपत्ति पर कब्जा करना था। इससे पहले, कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता आरएस चीमा ने अदालत में दलील दी थी कि एजेएल को कांग्रेस ने कभी बेचना नहीं चाहा बल्कि उसे बचाने की कोशिश की गई। उन्होंने कहा कि एजेएल स्वतंत्रता संग्राम का प्रतीक था, जिसकी स्थापना 1937 में नेहरू, कृपलानी, रफी अहमद किदवई जैसे नेताओं ने की थी। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने ईडी पर आरोप लगाते हुए कहा था कि यह आश्चर्यजनक और राजनीति से प्रेरित मामला है। उन्होंने दलील दी कि यंग इंडियन कोई लाभकारी कंपनी नहीं है और इसने एजेएल का ऋण खत्म करने के उद्देश्य से ही काम किया। कोर्ट ने अब 14 जुलाई को आरोपितों की सफाई सुनने के लिए अगली सुनवाई तय की है। इस केस के शिकायतकर्ता सुब्रह्मण्यम स्वामी ने आरोप लगाया है कि दिल्ली के बहादुर शाह जफर मार्ग पर स्थित 1600 करोड़ रुपये मूल्य के हेराल्ड हाउस पर कब्जे की साजिश के तहत एजेएल की संपत्तियों को यंग इंडियन के नाम पर किया गया।

**कैश कांड: जस्टिस यशवंत को.....**

बोरे मिले थे। सुप्रीम कोर्ट ने की ओर से नियुक्त समिति ने मामले की जांच की। SC के पैनल की रिपोर्ट 19 जून को सामने आई थी। 64 पेज की रिपोर्ट में कहा था कि यशवंत वर्मा और उनके परिवार के सदस्यों का स्टोर रूम पर सीक्रेट या एक्टिव कंट्रोल था। रिकॉर्ड पर मौजूद सबूतों को ध्यान में रखते हुए पैनल इस बात पर सहमत है कि CJI के 22 मार्च के लेटर में लगाए गए आरोपों में पर्याप्त तथ्य हैं। आरोप इतने गंभीर हैं कि जस्टिस वर्मा को हटाने के लिए कार्यवाही शुरू करनी चाहिए। जांच में पाया कि नकदी गलत तरीके से जमा की गई थी। इसके बाद जस्टिस वर्मा को इलाहाबाद हाईकोर्ट भेज दिया था। 6 जनवरी 1969 को जस्टिस यशवंत वर्मा का जन्म हुआ। यशवंत ने दिल्ली यूनिवर्सिटी के हंसराज कॉलेज से बीकॉम (ऑनर्स) किया।

**साय सरकार ने छोटे व्यापारियों को....**

इन दोनों विधेयकों को विधानसभा के मानसून सत्र में पटल पर रखा जाएगा। 10 साल से अधिक पुराने 25 हजार रुपये तक की वैट देनदारियों को खत्म करने से राज्य के लगभग 40 हजार से अधिक व्यापारियों को फायदा मिलेगा। इसके साथ ही 62 हजार से अधिक मुकदमों के मामले भी कम हो जाएंगे। मुख्यमंत्री साय की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ माल एवं सेवा कर संशोधन विधेयक के प्रारूप का भी अनुमोदन किया गया। इस प्रारूप में जीएसटी परिषद की 55वीं बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुरूप संशोधन प्रस्तावित किए गए हैं। किए गए प्रस्ताव के अनुसार इनपुट सर्विस डिस्ट्रीब्यूटर्स द्वारा आईजीएसटी में लिए गए आरसीएम का वितरण भी अब अपने ब्रांच ऑफिस में किया जा सकेगा।

**इसरो के मानव अंतरिक्ष अभियान की....**

सही कक्षा में लाने और फिर धीरे-धीरे नीचे लाने में मदद करते हैं। रिएक्शन कंट्रोल सिस्टम (आरसीएस) रॉकेट की दिशा को बहुत सटीक तरीके से नियंत्रित करता है। इसरो ने बताया कि एसएमपीएस को अच्छे से परखने के लिए एक मॉडल तैयार किया गया, जिसे सिस्टम डेमोंस्ट्रेशन मॉडल (एसडीएम) कहा जाता है। इस मॉडल में वह सभी हिस्से शामिल थे जो असली सिस्टम में भी होंगे - जैसे ईंधन टैंक से ईंधन भेजने वाला सिस्टम, हीलियम गैस का दबाव बनाए रखने वाला सिस्टम, उड़ान में काम करने वाले छोटे-छोटे इंजन (थ्रस्टर) और उन्हें नियंत्रित करने वाले उपकरण। इस मॉडल पर इसरो ने 25 बार अलग-अलग तरह के परीक्षण किए - कुछ सामान्य हालातों में और कुछ मुश्किल हालातों में। ये सारे परीक्षण कुल 14,331 सेकंड (करीब 4 घंटे) तक चले।

**ट्रेडिशनल नॉलेज डिजिटल लाइब्रेरी....**

दृष्टिकोण को दर्शाते हैं, जो देश को डिजिटल स्वास्थ्य नवाचार और पारंपरिक चिकित्सा के एकीकरण में एक वैश्विक अग्रणी देश के रूप में स्थापित करना चाहते हैं। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2023 में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर वैश्विक भागीदारी (जीपीएआई) शिखर सम्मेलन के उद्घाटन के अवसर पर कहा था, हमने सभी के लिए एआई की भावना से प्रेरित होकर सरकारी नीतियां और कार्यक्रम विकसित किए हैं। हमारा प्रयास सामाजिक विकास और समावेशी विकास के लिए एआई की क्षमताओं का पूरा लाभ उठाना है। जाधव ने कहा कि डब्ल्यूएचओ के तकनीकी विवरण में उल्लिखित भारत की एआई-आधारित पहल, अत्याधुनिक तकनीक के माध्यम से पारंपरिक चिकित्सा को आगे बढ़ाने के लिए भारतीय वैज्ञानिकों की गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने कहा, एआई को आयुष प्रणालियों के साथ एकीकृत करके और सही पोर्टल, नमस्ते पोर्टल तथा आयुष रिसर्च पोर्टल जैसे अग्रणी डिजिटल प्लेटफॉर्मों के माध्यम से भारत न केवल अपने सदियों पुराने चिकित्सा ज्ञान की रक्षा कर रहा है, बल्कि व्यक्तिगत, साक्ष्य-आधारित और विश्व स्तर पर सुलभ स्वास्थ्य सेवा के भविष्य को आकार देने में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

**सीएम साय ने कहा: बंदूक की गोली नहीं....**

सरकार की 'नवीन आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति 2025' की सकारात्मकता को भी दर्शाती है, जिसके तहत हथियार छोड़ने वाले नक्सलियों को न केवल सामाजिक सम्मान, बल्कि पुनर्वास और आजीविका का अवसर भी दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि यह परिवर्तन यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी के मार्गदर्शन में चल रहे सुशासन के विजन का सजीव उदाहरण है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि हमारा प्रदेश तय समय-सीमा के भीतर नक्सलवाद से पूरी तरह मुक्त होगा और बस्तर क्षेत्र का प्रत्येक नागरिक विकास की मुख्यधारा से जुड़ेगा।

**प्रदेश के सात नगरीय निकायों को मिलेंगे....**

स्वच्छता के क्षेत्र में असाधारण प्रदर्शन करने वाले शहरों को पहचान देने हेतु इस वर्ष सुपर स्वच्छता लीग (एसएसएल) नामक एक विशेष श्रेणी की शुरुआत की गई है। इस लीग में वे शहर शामिल किए गए हैं, जो पिछले तीन वर्षों में कम से कम एक बार शीर्ष तीन में स्थान प्राप्त कर चुके हैं। वर्तमान वर्ष में अपनी संबंधित जनसंख्या श्रेणी में शीर्ष 200 में बने हुए हैं। इस नवीन श्रेणी में छत्तीसगढ़ के तीन नगरीय निकायों का चयन हुआ है। अंबिकापुर नगर निगम (50 हजार से तीन लाख आबादी वाले शहरों की श्रेणी), पाटन नगर पंचायत तथा बिश्रामपुर नगर पंचायत (20 हजार से कम आबादी वाले शहरों की श्रेणी) को एसएसएल के लिए चयनित किया गया है। सीएम विष्णु देव साय और डिप्टी सीएम अरुण साव ने स्वच्छ सर्वेक्षण में राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए चयनित सातों नगरीय निकायों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना : खरीफ 2025 में किसानों के लिए मात्र 2 प्रतिशत प्रीमियम पर फसल बीमा उपलब्ध

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ शासन के कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग मंत्रालय नवा रायपुर द्वारा वर्ष 2025 के खरीफ फसलों का बीमा 15 से 31 जुलाई निर्धारित की गई है। छत्तीसगढ़ शासन ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत जिले के किसान मुख्य फसल धान सिंचित, धान असिंचित एवं अन्य फसल मक्का, मूंगफली, मूंग, उड़द, सोयाबीन, अरहर, कोदो, कुटकी, रागी का बीमा करा सकते है। किसानों के फसल को प्रतिकूल मौसम, सूखा, बाढ़, जलप्लावन, ओलावृष्टि सहित अन्य प्राकृतिक आपदाओं से किसानों को होने वाले नुकसान से राहत दिलाने के लिए बीमा में शामिल किए जाने वाले किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत ऋणी एवं अऋणी किसान जो भू-धारक व बटाईदार हो सम्मिलित हो सकते हैं। जो किसान अधिसूचित ग्राम व राजस्व निरीक्षक मंडल में अधिसूचित फसल के लिए वित्तीय संस्थानों से मौसमी कृषि ऋण स्वीकृत, नवीनीकृत की गई है। इनके अलावा अधिसूचित फसल उगाने वाले सभी गैर ऋणी किसान जो योजना में सम्मिलित होने इच्छुक हो वे बुआई प्रमाण पत्र क्षेत्रीय पटवारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा सत्यापित कराकर एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर योजना का लाभ ले सकते हैं।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत फसलवार जिले में बीमित राशि (रूपए प्रति हेक्टेयर) एवं किसान के देय प्रीमियम राशि (रूपए प्रति हेक्टेयर) निर्धारित की गई है। जिसके तहत खरीफ 2025-26 में उड़द के लिए बीमांकित राशि 30 हजार रूपए एवं किसान देय प्रीमियम 600 रूपए प्रति हेक्टेयर, मूंग के लिए बीमांकित राशि 29 हजार रूपए एवं किसान देय प्रीमियम 580



रूपए प्रति हेक्टेयर, मूंगफली के लिए बीमांकित राशि 42 हजार रूपए एवं किसान देय प्रीमियम 840 रूपए प्रति हेक्टेयर, कोदो के लिए बीमांकित राशि 22 हजार रूपए एवं किसान देय प्रीमियम 440 रूपए प्रति हेक्टेयर, कुटकी के लिए बीमांकित राशि 22 हजार रूपए एवं किसान देय प्रीमियम 440 रूपए प्रति हेक्टेयर, मक्का के लिए बीमांकित राशि 48 हजार रूपए एवं किसान देय प्रीमियम 960 रूपए प्रति हेक्टेयर, तुअर (अरहर) के लिए बीमांकित राशि 40 हजार रूपए एवं किसान देय प्रीमियम 800 रूपए प्रति हेक्टेयर, रागी के लिए बीमांकित राशि 25 हजार रूपए एवं किसान देय प्रीमियम 500 रूपए प्रति हेक्टेयर, सोयाबीन के लिए बीमांकित राशि 50 हजार रूपए एवं किसान देय प्रीमियम 1000 रूपए प्रति हेक्टेयर है। इसके तहत बीमा कपंनी द्वारा अंकित प्रीमियर दर 25 प्रतिशत, कृषक द्वारा देय प्रीमियम दर 2 प्रतिशत, राज्यांश प्रीमियम दर 11.50 प्रतिशत, केन्द्रांश प्रीमियम दर 11.50 प्रतिशत है। इसी तरह धान सिंचित के लिए बीमांकित राशि 60 हजार रूपए एवं किसान देय प्रीमियम 1200 रूपए प्रति हेक्टेयर है। बीमा कपंनी द्वारा अंकित प्रीमियर दर 11 प्रतिशत, कृषक द्वारा देय प्रीमियम दर 2 प्रतिशत, राज्यांश प्रीमियम दर 4.50 प्रतिशत, केन्द्रांश प्रीमियम दर 4.50 प्रतिशत है। धान असिंचित के लिए बीमांकित राशि 45 हजार रूपए एवं किसान देय प्रीमियम 900 रूपए प्रति हेक्टेयर है। बीमा कपंनी द्वारा अंकित प्रीमियर दर 15 प्रतिशत, कृषक द्वारा देय प्रीमियम दर 2 प्रतिशत, राज्यांश प्रीमियम दर 6.50 प्रतिशत, केन्द्रांश प्रीमियम दर 6.50 प्रतिशत है।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत आवेदन के साथ संलग्न किए जाने वाले जरूरी दस्तावेज- नवीनतम आधार कार्ड की कॉपी, नवीनतम भूमि प्रमाण पत्र (बी-1, पी-2) की कॉपी, बैंक पासबुक के पहले पन्ने की कॉपी जिस पर एकाउंट नंबर, आईएफएससी कोड, बैंक का पता साफ दिख रहा हो।

फसल बुवाई प्रमाण-पत्र अथवा प्रस्तावित फसल बोने के आशय का स्वघोषणा पत्र, किसान का वैध मोबाईल नंबर, बटाईदार व कास्तकार का घोषणा पत्र, वन अधिकार पट्टा वाले किसान जिनका भी भुईया पोर्टल में इंद्राज हो गया है या पर्ची बन गया है, ऐसे किसान आवेदन करने के पात्र होंगे। उप संचालक कृषि द्वारा विभागीय मैदानी अमलों को कृषकों के मध्य जाकर प्रचार-प्रसार करने के साथ ही साथ कृषकों से फसलों को मौसम की प्रतिकूलता से सुरक्षित रखने के लिए फसल बीमा आवरण से सुरक्षित करने की अपील की है। कृषकों से आग्रह है कि निर्धारित अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 के पूर्व अपने फसलों का बीमा अवश्य कराएं। इसके लिए अपने समिति, संबंधित बैंक, बीमा प्रदायक कंपनी भारतीय कृषि बीमा कंपनी, लोक सेवा केन्द्र, एआईडीई मोबाईल एप से भी अपने फसलों का बीमा करा सकते हैं।

# युगांतर में गुरू पूर्णिमा पर्व मना



राजनांदगाँव (दावा)। शिक्षा, खेल और संस्कृति के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं ने गुरू पूर्णिमा के अवसर पर अपने गुरू जनों का सम्मान किया।

बच्चों ने सर्वप्रथम अपने गुरूओं का तिलक लगाकर और पुष्प अर्पित करके आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात् उन्होंने गुरूओं की वंदना भजन के माध्यम से की। विद्यार्थियों ने प्रभावकारी सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने विचारों के माध्यम से गुरूओं को सर्वोपरि माना। विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को गुरू पूर्णिमा की शुभकामनाएँ दी।

इसी तारतम्य में हिंदी व संस्कृत और कला, संगीत विभाग के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्य के मार्गदर्शन में हनुमान चालिसा का सस्वर पाठन शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा विद्यार्थियों द्वारा किया गया। विद्यालय की प्रबंध समिति ने भी सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को गुरू पूर्णिमा पर्व की बधाई दी है।



## पूर्व जिपं अध्यक्ष ने जिलेवासियों को श्रावण मास की दी शुभकामनाएं

राजनांदगांव (दावा)। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू ने भगवान शिव की आराधना की पवित्र मास के 11 जुलाई से शुभारंभ के अवसर पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की है उन्होंने सभी नागरिकों के जीवन में सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की है।

# गुरु पूर्णिमा पर लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी द्वारा ब्रह्माकुमारी पुष्पा बहन का किया गया भावपूरित सम्मान



ब्रहमाकुमारी बहन ने गुरुपर्व पर की सबकी खुशहाली व उज्जवल भविष्य की कामना

राजनांदगांव(दावा)। गुरु पूर्णिमा पर्व के पूनित अवसर पर लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी द्वारा प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की संचालिका पुष्पा बहन का गुरु रुप में भावभीना सम्मान किया गया। शहर के लालबाग स्थित ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय में पधारकर लांयस क्लब राजनांदगांव सिटी के अध्यक्ष अमित खंडेलवाल, वरिष्ठ समाजसेवी ला. शारदा तिवारी, कवि/साहित्यकार आत्माराम कोशा 'अमात्य' आदि ने द्वारा ब्रह्माकुमारी पुष्पा बहन को सनातनी पितांबरी शाल ओढ़ाकर तथा गुलदस्ता भेंट कर आत्मीय सम्मान किया गया।

लायंस क्लब के लोगों द्वारा किए गए, सम्मान से अभिभूत ब्रह्माकुमारी पुष्पा बहन ने लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी के समस्त लोगों सहित संस्कारधानी के संस्कारी निवासियों की खुशहाली और उज्ववल भविष्य की शुभकामनाएं की।

इस पुनीत मौके पर समाज सेवी शारदा तिवारी ने कहा कि अभी समय ठीक नहीं चल रहा है। लोगों को अपने बड़े-बुजुर्गो व गुरुओं के कहे अनुसार रास्ते पर चलना चाहिए और संस्कारिक जीवन जीते हुए जीवन सफल व धन्य बनाए।

इस दौरान गुरु पर्व पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को महाप्रसादी ग्रहण कराया गया। सम्मान कार्यक्रम अवसर पर महाकाल भक्त राजू डागा, ला. संजय तेजवानी, ला. राजा माखीजा, ला. संजय तेजवानी सहित संस्था के ब्रह्मकुमार मुरलीधर सोमानी, ब्रह्माकुमारी चंदा, प्रभा, रम्भा बहन आदि बहने उपस्थित थे।

# अंशकालीन योगा, खेल शिक्षक व प्रशिक्षक के लिए 21 तक आवेदन आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा के निर्देशानुसार पीएमश्री योजना अंतर्गत राजनांदगांव जिले के 7 प्राथमिक शाला एवं 4 हायर सेकेण्डरी शालाओं कुल 11 शालाओं में अंशकालीन योगा, खेल शिक्षक व प्रशिक्षक की सेवाएं ली जाएगी। अंशकालीन योगा, खेल शिक्षक व प्रशिक्षक की सेवाएं देने के लिए इच्छुक व पात्र आवेदक 21 जुलाई 2025 तक जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा राजनांदगांव के कक्ष क्रमांक 112 में निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र बंद लिखाफे में प्रस्तुत कर सकते हैं। डिग्री वाले शिक्षक व प्रशिक्षक पात्र होंगे। संबंधित क्षेत्र में कार्य करने वाले अनुभवी को प्राथमिकता दी जाएगी।

# आज 'हम स्वस्थ हैं या बीमार' जानने एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



बीमारी के इंतेज़ार की बजाय स्वस्थ रहने का इंतेज़ाम करें- वैभव साठे
होटल राजवाड़ा में सुबह 11 बजे से कार्यशाला होगी शुरू

राजनांदगांव (दावा)। आज 13 जुलाई को स्थानीय होटल राजवाड़ा में वीरांगना रानी लक्ष्मी बाई के 6वें वंशज और डब्ल्यूओडब्ल्यू एकेडमी के सीईओ, जानेमाने आहार विशेषज्ञ वैभव साठे का स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और स्वस्थ जीवनशैली से जोड़ने प्रभावी व्याख्यान होना है। सूर्य नाड़ी, चंद्र नाड़ी, जल चिकित्सा, योग एवं मर्म चिकित्सा के जानकार हैं।

उनका मानना है कि, व्यस्त जीवनचर्या मे इंसान भूल जाता है कि, भौतिक सुखों को भोगने के लिए परिवार का स्वस्थ रहना जरूरी है। अन्यथा प्रदूषित वातावरण, पेस्टीसाइड युक्त भोजन तथा अव्यवस्थित जीवनचर्या हमें बीमार कर सकती है। आज की व्यस्ततम जीवनचर्या में हर इंसान सिर्फ और सिर्फ धन-दौलत, जमीन जायदाद एवं भौतिक सुख-साधना को जुटाने में लगा हुआ हैं। वो यह भूल जाता है कि, इन सभी भौतिक सुखों का उपयोग करने हेतु उसका एवं उसके परिवार का स्वस्थ रहना बहुत जरूरी हैं। अन्यथा आज का प्रदूषित वातावरण, केमिकल व पेस्टीसाइड युक्त भोजन एवं अव्यवस्थित दिनचर्या, कभी भी हमे बीमारियों से जकड़ सकते हैं।

उनका कहना है कि, बीमार होने का इंतजार न करें स्वस्थ रहने का इंतजाम करें। उन्होंने भारत को 'दवाई मुक्त' बनाने का अभियान छेड़ा हुआ है। उनके द्वारा बताई चिकित्सा पद्धति से हजारों लोग डायबिटीज जैसी बीमारी से मुक्ति पा चुके है। हार्ट की बीमारी, चर्म रोग, अस्थि रोग जैसे अन्य रोगों का वे शर्तिया इलाज सिर्फ खान-पान पद्धति में बदलाव लाकर करते हैं। श्री साठे का मानना है कि, शारीरिक, मानसिक और सामाजिक कल्याण की स्थिति पर निर्भर करता है यदि कोई व्यक्ति शारीरिक रुप से स्वस्थ है, मानसिक रुप से शांत है, और सामाजिक रुप से सक्रिय है। तो इसके पीछे हमारे खान-पान का बहुत बड़ा योगदान है। वर्तमान में हमारा खानपान केमिकल युक्त होने के कारण बीमारियां घर-घर और जन-जन तक पहुंच चुकी है। हमने अपने भोजन और पानी को दूषित कर लिया है। यदि भोजन ऑर्गेनिक हो जाए और पानी झरने जैसे मिले तो बीमारियां स्वत ही भाग जाएगी। कार्यशाला में भोजन और पानी की शुद्धता पर एवं मर्म चिकित्सा पर इस एक द्विवसीय कार्यशाला में अपने विचार आमजनों से साझा करेंगे। आयोजक मंडल ने नगर के जागरुक लोगों से कार्यशाला में बड़ी संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

# एनबीआईएस बोरी में मना गुरु पूर्णिमा पर्व



राजनांदगांव (दावा)। नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में गुरु पूर्णिमा पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर शाला में विशेष सभा का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा - अर्चना कर सभा की शुरुआत की गयी।

संगीत विभाग द्वारा बच्चों को गुरु की महिमा का बखान करते हुए गीतों की प्रस्तुति दी गई। शाला के भगत हाउस से कक्षा नवमी के छात्र शौर्य तिवारी ने अपने विचार व्यक्त किए। कक्षा छठवीं एवं सातवीं के बच्चों ने सामूहिक नृत्य का शानदार प्रदर्शन किया। शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी ने इस अवसर पर शाला परिवार को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि माता-पिता, ईश्वर हमें जन्म देते है, लेकिन एक अच्छा इंसान बनने की सीख हमें गुरु देता है। गुरु ही सही गलत का ज्ञान कराते हैं। हमें जीवन में सदैव अपने गुरु का सम्मान करना चाहिए क्योंकि एक गुरु ही है जो हमेशा अपने छात्रों से यही अपेक्षा करता है कि उनके छात्र हमेशा गुरु से आगे बड़े। इस अवसर पर शाला की डायरेक्टर श्रीमती सोनल बाजपेयी, प्राचार्या श्रीमती एकता गांधी, एडमिन नितिन चौहान, शिक्षक, बच्चे तथा आफिस कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अग्निवीर वायुसेना भर्ती हेतु 31 तक ऑनलाईन पंजीयन

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय वायुसेना द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के केवल अविवाहित महिला एवं पुरूष उम्मीदवारों से अग्निवीर वायु सैनिक के पदों पर भर्ती के लिए 31 जुलाई तक वायुसेना के वेबसाईट https://agni-pathvayu.cdac.in पर ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित की गई है तथा ऑनलाईन लिखित परीक्षा का आयोजन 25 सितंबर को होगा। अग्निवीर वायु सैनिक के पदों पर भर्ती के लिए इच्छुक एवं पात्र आवेदक निर्धारित तिथि तक ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

अग्निवीर वायु सैनिक के पदों पर भर्ती के लिए शैक्षणिक योग्यता किसी भी मान्यता प्राप्त केन्द्रीय एवं राज्य की शिक्षा बोर्ड व संस्था से गणित, भौतिकी एवं अंग्रेजी विषय व त्रिवर्षीय इंजीनियरिंग डिप्लोमा 50 प्रतिशत अंकों एवं अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंक सहित उत्तीर्ण या अन्य संकाय के उम्मीदवार इंटरमीडिएट, 10+2 परीक्षा 50 प्रतिशत अंकों एवं अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंक सहित उत्तीर्ण होना चाहिए। उम्मीदवार को 2 जुलाई 2005 से 2 जनवरी 2009 के बीच का जन्म होना चाहिए। उम्मीदवार की ऊंचाई पुरूष हेतु 152 सेमी एवं महिला हेतु 152 सेमी, सीना पुरूष आवेदकों हेतु 77 सेमी एवं फुलाने पर 82 सेमी, महिला आवेदक हेतु समानुपात में, वजन ऊंचाई एवं आयु के समानुपात में, सामान्न श्रवण क्षमता, दृष्टि क्षमता एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए। उम्मीदवार को चयन हेतु कम्प्यूट आधारित ऑनलाईन लिखित परीक्षा तत्पश्चात शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं चिकित्सा परीक्षा में उत्तीर्ण करना होगा। उत्तीर्ण उम्मीदवार को 4 वर्ष के लिए चयन किया जाएगा तथा अग्निवीर वायु भर्ती के नियमानुसार वेतन एवं अन्य भत्ता देय होगा।

# प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए 15 से 18 जुलाई तक रायपुर में प्रतीक्षा सूची की काउंसलिंग

राजनांदगांव (दावा)। प्रयास आवासीय विद्यालय के कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए प्रतीक्षा सूची के विद्यार्थियों की वर्गवार 15 से 18 जुलाई 2025 तक सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय गुढियारी जिला रायपुर में काउंसलिंग का आयोजन किया गया है। काउंसिलिंग के लिए विद्यार्थियों को निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा गया है।

इसके तहत 15 जुलाई को अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह बालक, 16 जुलाई को अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह बालिका, 17 जुलाई को अनुसूचित जाति बालक-बालिका तथा 18 जुलाई को अन्य पिछड़ा वर्ग बालक-बालिका एवं सामान्य व अल्पसंख्यक वर्ग के बालक-बालिका की काउंसिलिंग होगा। काउंसिलिंग में विद्यार्थी अपना प्रवेश पत्र, सक्षम राजस्व अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण-पत्र, सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थाई जाति प्रमाण-पत्र, वर्ष 2024-25 में कक्षा 8वीं में प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण होने का प्रमाण-पत्र, यदि परिवार नक्सल हिंसा से सीधे प्रभावित है, तो इस आशय का संबंधित जिले के पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी प्रमाण-पत्र, शाला स्थानांतरण प्रमाण-पत्र या शाला छोडने का प्रमाण-पत्र, विद्यार्थी की मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी चिकित्सा जाँच प्रमाण-पत्र, सिकलसेल जांच प्रमाण-पत्र, 2 स्वयं का पासपोर्ट साईज का रंगीन फोटो प्रस्तुत करना होगा। मेरिट सूची में दर्शित विद्यार्थी के साथ एक अभिभावक व पालक को काउंसिलिंग स्थल में प्रवेश की पात्रता होगी।

# पौधरोपण से पर्यावरण को संरक्षण देने में योगदान मिलेगा - तरुण हथेल



मां शीतला महिला समिति का वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

डोंगरगढ़(दावा)। मां शीतला महिला समिति, सुदर्शन वाल्मीकि समाज, डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा एक महत्वपूर्ण वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे पार्षद सुमित ताम्रकर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। सुदर्शन वाल्मीकि समाज के अध्यक्ष सांसद प्रतिनिधि तरुण हत्थेल ने अध्यक्षता की।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु, महिलाएं और माता-बहनें उपस्थित रहीं। सभी ने पौधे लगाए। उपस्थित लोगों में ज्योति गौतेल, प्रीति गौतेल, सुनीता बघेल, कंचन हत्थेल, अनाया हत्थेल, गीतांजलि परिहार, रेशमा करसे, राखी करसे, मोहनी बिरहा, रोशनी समुद्रे, अनीशा समुद्रे, रोशनी रगड़े, पूजा बघेल, रोशनी हत्थेल, तरुण हत्थेल, नरेश करसे, शुभम परिहार, पिंटू गोतेल, राजू समुद्रे, अनिल भोंवरेल, संतोष समुद्रे, राहुल करसे, डिम्पी डकहा, विकी समुद्रे और सुमित डकहा शामिल थे।

# डॉक्टर्स-डे पर रक्तदान शिविर का आयोजन




राजनांदगांव (दावा)। भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव के ब्लड सेंटर पैथोलॉजी विभाग में डॉक्टर्स-डे पर आईएमए, आईएमए-एमएसएन और ब्लड सेंटर मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देना, मेडिकल छात्रों में जागरूकता करना था।

इस अवसर पर अधिष्ठाता डॉ. पंकज लुका, संयुक्त संचालक एवं अस्पताल अधीक्षक डॉ. अतुल देशकर, उप-अधीक्षक एवं आईएमए मेंबर डॉ. पवन जेठानी, आईएमए अध्यक्ष डॉ. दिवाकर रंगारी, आईएमए सचिव श्री अनीमेश गांधी, मेडिकल फैकल्टी एवं स्टूडेंट्स, समस्त ब्लड सेंटर स्टॉफ एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

शिविर में आईएमए-एमएसएन के सक्रिय सदस्य एवं मेडिकल विद्यार्थी 2021 बैच के प्रथम, शारदा, कनिका तथा 2024 बैच के मेडिकल स्टूडेंट्स ने विशेष भूमिका निभाई। सभी अतिथियों ने अपने प्रेरक उद्बोधन के माध्यम से रक्तदान के महत्व को रेखांकित किया और मेडिकल छात्रों को धन्यवाद एवं शुभकामनाएं दी। ब्लड सेंटर प्रभारी डॉ. चन्द्रशेखर इन्दोरिया ने सभी रक्तदाताओं, छात्रों और आईएमए का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ब्लड सेंटर में किया गया रक्तदान सच्ची निस्वार्थ सेवा का उदाहरण है। जिसका उपयोग गंभीर रोगियों, गर्भवती महिलाओं, थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों एवं दुर्घटना पीड़ितों के लिए संजीवनी का काम करती है।

# चंद्रिका प्रसाद सिन्हा तीसरी बार अध्यक्ष बने

## सेवानिवृत्त निगम सचिव श्री सिन्हा 3 साल तक इस पद पर बने रहेंगे



राजनांदगांव (दावा)। विगत दिनों रायपुर में आयोजित नगरीय निकाय कर्मचारी संघों की बैठक संपन्न हुई, जिसमें राजनांदगांव के चंद्रिका प्रसाद सिन्हा को तीसरी बार जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उल्लेखनीय है कि लायन श्री सिन्हा का नगरीय निकाय के अधिकारियों कर्मचारियों में उनकी अच्छी पैठ है। उनकी अच्छी पैठ सिन्हा समाज व अन्य समाजों सहित मीडिया में भी है। निगम सचिव रहने के दौरान उन्होंने अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से किया है उनकी व्यक्तिगत छवि अच्छी होने और वर्षों का कार्य अनुभव होने से संगठन में मजबूती प्रदान करने के लिए उनका नेतृत्व आवश्यक समझा गया है। श्री सिन्हा छत्तीसगढ़ कलार समाज के भी पदाधिकारी रह चुके हैं वह राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक जिला उपाध्यक्ष की भी जिम्मेदारी निभा चुके हैं।

संयुक्त निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने अपने कर्तव्यों का निर्वहन बखूबी किया है इनकी नियुक्ति होने पर श्रीमती बबीता विनोद कुलदीप, वीरेंद्र परमार, रमेश सोनवानी, हेमंत सिन्हा, सुदेश राय, अमरू राम कतलाम, मोहनलाल सिन्हा, राकेश पात्रे, रोशन पात्रे, रागिनी पात्रे, निशा पात्रे, लता संतोष साहू, ऋषि साहू एवं ईस्ट मित्रों ने शुभकामनाएं दी है।

# कॉफ्लूएन्स महाविद्यालय में गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया गया




**राजनांदगांव (दावा)। विद्यार्थियों ने अपने गुरु के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनकी बुद्धि का सम्मान किया और व्यास पूर्णिमा और व्यास जयंती के रूप में गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया गया। आज का दिन गुरु पूजा का दिन होता है यह पूरे भारत में बड़ी श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। इस आयोजन के मुख्यवक्ता डायरेक्टर डॉ. मनीष जैन उपस्थित रहे।**

उन्होंने सभी को गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं दी और कहा कि गुरु को सबसे ऊपर माना जाता है, जो कि अंधकार को प्रकाश में बदलने की शक्ति रखता है और छात्रों को भी हमेशा सकारात्मक विचार तथा सोच रखकर आगे बढ़ना चाहिए इससे कोई भी कार्य असंभव नहीं होगा। प्रो.विजय मानिकपुरी ने कहा कि आज का यह आयोजन गुरु पूर्णिमा के महत्व केवल आध्यात्मिक ही नहीं बल्कि सामाजिक शैक्षणिक और सांस्कृतिक स्तर पर भी अत्यंत विशिष्ट है विद्यार्थी और गुरु का एक अटूट संबंध है मनुष्य जीवन में गुरु को देवस्थान प्राप्त है। गुरु के सम्मान और सत्कार के लिए ही इस दिन गुरु पूर्णिमा मनाई जाती है।

महाविद्यालय में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर छात्रों द्वारा यह आयोजन किया गया है। प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने कहा कि यह माना जाता है कि अच्छे-बुरे संस्कारों धर्म-अधर्म आदि का ज्ञान पूरे विश्व में गुरु के द्वारा ही अपने शिष्यों को दिया जाता है, इसी उद्देश्य से गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया जा रहा है। गुरु पूर्णिमा का यह उत्सव तभी सार्थक होगा जब विद्यार्थी गुरु द्वारा कहे गए आचरण का पालन करें। ऐसे करने से भी व्यक्ति के जीवन को उचित रहा मिलती है और इस तरह से उसका जीवन खुशहाल हो जाता है महाविद्यालय के विद्यार्थियों और स्वयं सेवकों द्वारा गौरी पूर्णिमा के अवसर पर सभी शिक्षकों का सम्मान श्रीफल भेंट कर किया गया। सर्वप्रथम सभी ने मिलकर ज्ञान की देवी माता सरस्वती की पूजा अर्चना किया और मंची कार्यक्रम किया गया जिसमें उपस्थित सभी शिक्षकों ने अपने-अपने अनुभव साझा करते हुए गुरु पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डाला आयोजन में विभागाध्यक्ष प्रीति इंदौरकर, सहा.प्रा. राधेलाल देवांगन, धनंजय साहू, देविका देवांगन, विजय मानिकपुरी, दिव्या श्रीवास्तव एवं टोकेश्वरी देवांगन आदि का सम्मान श्रीफल के साथ किया गया।

# कोरकोट्टी नक्सली हमले में शहीद जवानों को रक्षित केंद्र में दी गई श्रद्धांजलि








राजनांदगांव (दावा)। मानपुर-मोहला थाना क्षेत्र के कोरकोट्टी ग्राम में आज ही के दिन हुए नक्सली हमले में शहीद हुए पुलिस जवानों को शनिवार को एक कार्यक्रम आयोजित कर कृतज्ञतापूर्वक स्मरण किया गया और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पुलिस रक्षित केंद्र में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर और रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया।



## निःशुल्क स्वास्थ्य और रक्तदान शिविर भी आयोजित

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में डॉक्टरों ने दी सेवाएं

छत्तीसगढ़ की माटी के लिए नक्सलियों से लोहा लेने वाले शहीद पुलिस जवानों का पुण्य स्मरण करते हुए आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर में विभिन्न विशेषज्ञों ने अपनी सेवाएं दी। जिसमें सर्जन : डॉ. हरेश तलरेजा (आयुष्मान हॉस्पिटल), ईएनटी चेकअप : डॉ. अश्विनी शेट्टी, डेंटल चेकअप : डॉ. रुद्रप्रताप सिंह ठाकुर (ऑर्थोडॉन्टिस्ट) और डॉ. नीतू सिंह ठाकुर (रॉयल डेंटकेयर क्लिनिक), ऑर्थोपेडिक चेकअप : डॉ. योगेश सोनी (राधेश्याम ऑर्थोकेयर), फिजियोथेरेपी : डॉ. रोमा मखीजा और डॉ. चंचल रानी जंघेल, आई चेकअप : उदयाचल नेत्र अस्पताल के डॉक्टर आदि की उपस्थिति रही। शिविर में उपस्थित पुलिस परिवार, अधिकारी और कर्मचारियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसमें 95 लोगों का नेत्र जांच, 90 लोगों का बीपी-शुगर जांच, 48 लोगों का नाक/कान जांच, 62 लोगों का हड्डी से संबंधित जांच, 75 लोगों का फिजियोथेरेपी, और 70 लोगों का दाँत जांच किया गया। पुलिस विभाग को निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण के साथ जरूरत के अनुसार उपचार हेतु मार्गदर्शन और दवाइयों का भी निःशुल्क वितरण किया गया।

### रक्तदान कर शहीदों को श्रद्धांजलि

शहर के पुलिस रक्षित केंद्र में आयोजित रक्तदान शिविर में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज अभिषेक शांडिल्य और पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग सहित 30 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने रक्तदान कर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। यह आयोजन शहीदों के बलिदान को याद करने और समाज में स्वास्थ्य और सेवा के प्रति जागरूकता फैलाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास रहा।

# महापौर मधुसूदन यादव ने मदनवाड़ा शहीदों को दी श्रद्धांजलि



राजनांदगांव (दावा)। महापौर मधुसूदन यादव ने 12 जुलाई 2009 को मदनवाड़ा में हुए नक्सली हमले में शहीद हुए पुलिस अधीक्षक विनोद चौबे सहित 28 पुलिसकर्मियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

ठाकुर प्यारेलाल चौक स्थित शहीद चौबे की प्रतिमा पर आयोजित कार्यक्रम में महापौर यादव ने शहीद चौबे की धर्मपत्नी श्रीमती रंजना चौबे और नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले की उपस्थिति में शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की। इससे पहले महापौर यादव पुलिस लाइन स्थित रक्षित केंद्र में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में भी शामिल हुए और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिजनों को सांत्वना दी।

इस अवसर पर महापौर श्री यादव ने शहीदों के बलिदान को याद करते हुए कहा कि 12 जुलाई 2009 को राजनांदगांव जिले के मदनवाड़ा के जंगलों में जांबाज पुलिस अधीक्षक शहीद विनोद चौबे और हमारे वीर पुलिस जवानों ने अपने प्राणों की परवाह न करते हुए नक्सलियों से लोहा लिया। श्री चौबे और उनकी टीम के 28 पुलिसकर्मी शहादत को प्राप्त हुए। उन्होंने आगे कहा कि एस.पी. शहीद विनोद चौबे छत्तीसगढ़ के नक्सल ऑपरेशन में शहादत होने वाले देश के पहले आईपीएस अधिकारी थे, जो नक्सली मुठभेड़ में शहीद हुए। उन्होंने बताया कि नक्सली वारदात की सूचना मिलते ही वे घटनास्थल की ओर कूच कर गए और अपने सिपाहियों का मनोबल बढ़ाने के लिए स्वयं नक्सलियों से लोहा लेने कूद पड़े। लगभग 3-4 घंटे लगातार लड़ते हुए वे नक्सली मुठभेड़ में शहीद हो गए। उन्हें कीर्ति चक्र से सम्मानित किया गया था। महापौर ने कहा कि श्री चौबे सहित कुल 29 जवान शहीद हुए थे। ऐसे महान पुलिसकर्मियों को हम नमन करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं। इस अवसर पर कई पुलिस अधिकारी, जवान और नगरवासी उपस्थित होकर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की।

# फायरमैन की फर्जी नियुक्ति और नियम विरुद्ध प्रतिनियुक्ति पर उठे गंभीर सवाल

राजनांदगांव (दावा)। फायरमैन जैसे महत्वपूर्ण और जिम्मेदार पद पर फर्जी तरीके से नियुक्ति और नियमों को ताक पर रखकर की गई प्रतिनियुक्तियों का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। वर्तमान में फायरमैन के पद पर कार्यरत पुमेश कुमार सोरी की नियुक्ति को लेकर वर्ष 2023 में एक विभागीय जांच समिति गठित की गई थी। हालांकि, जांच समिति की बैठकों और कागजी खानापूर्ति के बाद भी अब तक किसी भी प्रकार की ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

इस मामले ने तब और अधिक तूल पकड़ा जब नगर पालिक निगम, राजनांदगांव के तीन अन्य कर्मचारियों तरुण कुमार साहू, रामकुमार यादव और राजूलाल माहला को लेकर भी गंभीर अनियमितताएं सामने आई। इन तीनों कर्मचारियों का मूल पद 'परिचालक' है। नियुक्ति नियमों की अनदेखी करते हुए, जब फायर ब्रिगेड विभाग को नगर निगम से नगर सेना में हस्तांतरित किया गया था, तब केवल उन्हीं कर्मचारियों को स्थानांतरित किया जाना था जो फायरमैन के पद पर विधिवत रूप से नियुक्त थे। परंतु, नियमों का घोर उल्लंघन करते हुए परिचालक पद पर कार्यरत इन कर्मचारियों को भी फायर ब्रिगेड विभाग में प्रतिनियुक्ति पर भेज दिया गया। ये कर्मचारी न तो फायर ब्रिगेड के कर्मचारी थे और न ही उस पद हेतु पात्र थे। आज दिनांक तक इनकी प्रतिनियुक्ति समाप्त नहीं की गई है और इन्हें उनके मूल विभाग व मूल पद पर भी वापस नहीं भेजा गया है, जो अत्यंत निराशाजनक है और स्पष्ट रूप से नियमों की अवहेलना है। यह उल्लेखनीय है कि इन कर्मचारियों पर वर्ष 2023 से शिकायतें लंबित हैं, लेकिन शिकायतों के बावजूद इन्हें विभागीय प्रभार सौंपे रखा गया है।

सूत्रों के अनुसार, इन कर्मचारियों की पात्रता जाँची ही नहीं गई। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या जनता की सुरक्षा के लिए बने फायर विभाग में अब सिफारिश और मनमानी का खेल चल रहा है? यह पूरा मामला शासन और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवालिया निशान खड़ा करता है। जहां एक ओर हजारों युवा पारदर्शी भर्ती की राह देख रहे हैं, वहीं दूसरी ओर नियमों को ताक पर रखकर नियुक्ति और प्रतिनियुक्ति जैसे गंभीर निर्णय लिए जा रहे हैं। क्या इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई की जाएगी, या यह भी सिर्फ कागजी खानापूर्ति बनकर रह जाएगा?

# भाजपा जिलाध्यक्ष बने दिलीप वर्मा, नरसिंह भंडारी, अनिल गुप्ता बने महामंत्री



अंबागढ़ चौकी (राजनांदगांव)। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में संगठन में बड़ा बदलाव करते हुए दिलीप वर्मा को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। इसी के साथ नरसिंह भंडारी और अनिल गुप्ता को जिला महामंत्री का महत्वपूर्ण पद सौंपा गया है। शुक्रवार रात्रि को हुई इस घोषणा के बाद से ही जिले भर के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। शनिवार सुबह अंबागढ़ चौकी में कार्यकर्ताओं का तांता लगा रहा, जहां उन्होंने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष और जिला महामंत्रियों का मिठाई खिलाकर, माला पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष दिलीप वर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जल्द ही अपनी टीम का विस्तार किया जाएगा और सभी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पार्टी को मजबूत करने के लिए कार्य किया जाएगा।

# पुलिस की छापामार कार्रवाई में तेजी : कबाड़ियों को चेतावनी देकर छोड़ा गया, थाने में किया तलब



राजनांदगांव (दावा)। शहर सहित जिलेभर में बढ़ रहे अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस प्रशासन जी-जान से भिड़ा हुआ है। प्रत्येक थाना क्षेत्रों में गुंडे मवाली, बदमाशों सहित असामाजिक तत्वों, मादक पदार्थ तस्कर, मवेशी तस्करो व आपराधिक कार्यों में संलग्न रहे लोगों की अच्छी खोज- खबर ली जा रही है। इससे इन तत्वों में खौफ का माहौल बना हुआ है। पुलिस प्रशासन का ध्यान अब शहर के कबाड़ियों की ओर भी लगा हुआ है। चोरी के सामान ज्यादातर कबाड़ियों के बेचने के लिए पास आते हैं। इसे देखते हुए अपने-अपने थाना क्षेत्र में जितने भी कबाड़ी दुकानें हैं पुलिस उनके यहां छापामार शैली में पहुंच कर दबिश दे रही है।

### कबाड़ में मिली दो व चार पहिया वाहनें

लखोली नाका क्षेत्र सहित लखोली राजीव नगर इलाके के कबाड़ियों के यहां पुलिस द्वारा दबिश दिए जाने पर वहां कई दुपहिया वाहन व चार पहिया वाहने मिली है। जानने में आ रहा है कि एक कबाड़ी के पास पिक अप वाहन भी मिला है। उक्त वाहनों के कागजात मांगे जाने पर कबाड़ियों में कागजात नहीं होने की बात कही गई। इस पर पुलिस ने नोटिस देकर उन्हें जानकारी देने हेतु थाने तलब किया है।

### कबाड़ी दुकानों में पुलिस ने दी दबिश

बता दें कि कबाड़ियों के यहां छापामार शैली में दबिश देने के लिए पुलिस की एक टीम बनाई गई है। इन अलग अलग टीमो द्वारा शहर सहित आसपास के गांव-देहात क्षेत्रों में संचालित कबाड़ी दुकानों में दबिश दिया जा रहा है। पुलिस की उक्त टीम द्वारा पुराना गंज चौक समीप स्थित गनी कबाड़ी, लोहारपारा तालाब पार समीप स्थित मुन्ना कबाड़ी, लखोली नाका खाल्हे पारा स्थित अरुण कबाड़ी, राजीव नगर क्षेत्र लखोली स्थित। सलीम कबाड़ी, कंचनबाग रोड स्थित हसन कबाड़ी,उदयाचल रोड स्थित सलमान कबाड़ी, डैनी कबाड़ी, गंज चौक, केशर नगर रोड स्थित एहसान मलिक कबाड़ी, बंगाली चाल बसंतपुर स्थित बंगाली कबाड़ी, नया बस स्टैंड समीप स्थित गुप्ता कबाड़ी सहित ममता नगर रोड स्थित रफीक कबाड़ी, चिखली रमन बाजार के शफीक उर्फ बैगा कबाड़ी, गठुला नाला समीप स्थित इब्राहिम कबाड़ी की दुकानों में दबिश दी गई।

### विभिन्न कबाडियों सामान की जांच

बताया जाता है कि छापामार पुलिस टीम को इन कबाड़ियों के यहां दो पहिया वाहनें व चार पहिया वाहनें सहित विभिन्न कबाड़ की सामग्रियां मिली जिसकी जांच की गई। लेकिन इन कबाड़ियों के यहां पुलिस को चोरी का कोई सामू बरामद नहीं हुआ। इस पर पुलिस ने इन कबाड़ दुकान संचालकों को इन सामानों की जानकारी देने नोटिस जारी कर थाने तलब किया है। बताया जाता है कि पुलिस ने इन कबाड़ियों को सख्त हिदायत दी है कि बगैर पहचान व रिकार्ड के कोई भी सामग्री न खरीदें। इस दौरान पुलिस द्वारा कबाड़ी दुकान के लायसेंस, रजिस्टर व वस्तुओ के खरीद का विवरण सहित ग्राहकों की पहचान से संबंधित दस्तावेजों की गहनता से जांच की गई है।

**जल ही जीवन है, इसे व्यर्थ न बहाएं।**

# भ्रामक विज्ञापन के चक्कर में 6 लाख की ठगी, पुलिस सवालों के घेरे में?



**o आरोपी से इकरारनामा लिखवाकर मामला ठंडे बस्ते में**
**o डोंगरगांव पुलिस सवालों के घेरे में ?**

डोंगरगांव (दावा)। एटीएम मशीन के पास लगे एक भ्रामक विज्ञापन के चक्कर में एक ग्रामीण 6 लाख की ठगी का शिकार हो गया है। अब डेढ़ साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी उसे न्याय नहीं मिल पा रहा है। यह मामला तब सामने आया जब नौकरी के नाम पर 6 लाख ठगने के बाद आरोपी ने पीड़ित से 1 लाख की और मांग की। जिससे पीड़ित के परिजनों को शक हुआ और मामला डोंगरगांव पुलिस तक पहुंचा।

### ठगी का पूरा घटनाक्रम

माथलडबरी निवासी मनोहर लाल अहीर डोंगरगांव मेनरोड स्थित एक एटीएम पर गए थे। जहां उन्हें सरकारी सेवा भर्ती का एक विज्ञापन दिखा। इस विज्ञापन में राजनांदगांव जिले में 1786 पदों की भर्ती संबंधी जानकारी थी और एक मोबाइल नंबर (8269553354) अंकित था। चूंकि मनोहर लाल अहीर और उनके भाई-बहन शिक्षित बेरोजगार हैं, वे इस विज्ञापन के झांसे में आ गए और दिए गए नंबर पर संपर्क किया। उन्हें पता चला कि विकास वर्मा नामक एक व्यक्ति ने नौकरी लगाने का आश्वासन देकर मनोहर लाल, उनके पिता और भाई को विश्वास में लिया और रायपुर बुलाया। रायपुर में, विकास वर्मा ने उन्हें किसी तथाकथित पांडे सर से मिलवाया और गोपनीय भर्ती के माध्यम से सरकारी सेवा में नियुक्त कराने का झांसा दिया। जनवरी 2024 तक, विभिन्न किस्तों में कुल 5,74,000 की नकद राशि उनसे ली गई। पीड़ितों ने बताया कि जब उन्होंने ऑनलाइन राशि ट्रांसफर करने की बात कही, तो आरोपियों ने मना कर दिया और हर बार नकद राशि की ही मांग की। सरकारी नौकरी के लालच में आकर पीड़ित परिवार कई किस्तों में यह राशि देता रहा।

### मामला ठंडे बस्ते में

इतनी बड़ी राशि देने के बाद भी जब नौकरी संबंधी कोई नियुक्ति पत्र नहीं मिला, तब पीड़ितों ने आरोपी से फिर संपर्क किया। पहले तो उसने आनाकानी की और बाद में 30-30 हजार की और मांग की। इस पर परिजनों को आभास हुआ कि उन्हें ठगा जा रहा है। उन्होंने आरोपी को ?30-30 हजार देने का लालच देकर राजनांदगांव बुलाया और इसकी सूचना डोंगरगांव पुलिस को दी। डोंगरगांव पुलिस की टीम राजनांदगांव पहुंची और आरोपी को थाने ले आई। डोंगरगांव थाने में पुलिस ने जब आरोपी से पूछताछ की, तो पता चला कि विकास वर्मा ने अपनी पहचान छुपाने के लिए फर्जी नाम और फर्जी आधार कार्ड दिया था। पुलिस जांच में सामने आया कि विकास वर्मा नाम बताने वाला व्यक्ति असल में गोकुल कुंजाम था। बावजूद इसके डोंगरगांव पुलिस ने इकरारनामा लिखवाकर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया। आरोपी ने नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करना स्वीकार किया, लेकिन डोंगरगांव पुलिस ने उस पर कार्रवाई करने के बजाय इसे आपसी लेन-देन का मामला बताते हुए राजनामी का इकरारनामा उभय पक्षों से लिखवाकर आरोपी को छोड़ दिया।

### न्याय की गुहार और चेतावनी

पीड़ित मनोहर लाल अहीर ने इस धोखाधड़ी और नौकरी के नाम पर पैसे ठगने की शिकायत राजनांदगांव, दुर्ग और रायपुर के पुलिस अधीक्षक से भी की थी, परंतु अब तक उन व्यक्तियों के विरुद्ध कोई ठोस कार्रवाई या पीड़ित को उसकी राशि वापस दिलवाने संबंधी कोई कार्यवाही नहीं की गई है। इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से पीड़ित परिवार ने आम जनता से भ्रामक और झूठे विज्ञापनों से दूर रहने और नौकरी के नाम पर किसी भी प्रकार का लेनदेन न करने की सलाह दी है। उन्होंने शासन-प्रशासन से इस मामले को संज्ञान में लेकर ऐसे फर्जीवाड़ा करने वाले लोगों पर कड़ी कार्रवाई करने की अपील की है।

> मैने अभी पदभार ग्रहण किया है और डेढ़ साल पुराना मामला है, इसलिए मेरे संज्ञान में नहीं आया है। जानकारी लेकर ही इस विषय में कुछ कह पाऊंगा।
>
> **- जितेंद्र वर्मा**
> **थाना प्रभारी डोंगरगांव**




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com